पेज-10



सारा ने भाई इब्राहिम से मांगी माफी...

हिन्दी दैनिक
# दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण

पेज-12



पीएम मोदी के अघोषित आपातकाल ने...

वर्ष : 12 ⋮ अंक : 172 ⋮ रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 26 जून 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2



पेज-10



सारा ने भाई इब्राहिम से मांगी माफी...

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-12



पीएम मोदी के अघोषित आपातकाल ने...

वर्ष : 12 | अंक : 172 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 26 जून 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### चतरा में कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर सोमवार को खरीक गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कोयला लदा ट्रक से बचने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार को रौंद दिया. हादसे में घटनास्थल पर ही बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया. मृत युवकों की पहचान घंघरी कल्याणखाप गांव निवासी एजाज और तस्लीम के रूप में की गई है. मृतकों के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक कान्हाचट्टी में कल्याण विभाग के द्वारा छात्रों के वितरण के लिए मंगाई गई साइकिल फिंटिंग का कार्य करते थे. दोनों युवक सोमवार देर शाम घर लौट रहे थे. इसी दौरान हादसे में उनकी मौत हुई. वहीं घटना के बाद मृत युवकों के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है. ग्रामीणों और परिजनों ने दूसरे दिन शवों के साथ सड़क जाम कर दिया. इस दौरान ग्रामीण प्रशासन से मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे.

### जमीन कारोबारी कमलेश को ईडी ने भेजा समन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित जमीन घोटाले मामले की जांच कर रहे ईडी ने कमलेश कुमार को समन भेजा है. रांची स्थित जोनल कार्यालय में 28 जून को उपस्थित होने को कहा है. जमीन करोबारी शेखर कुशवाहा की निशानदेही पर 21 जून को कमलेश के ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी कर एक करोड़ नगद और 100 कारतूस बरामद किये थे. शेखर ने पूछताछ के दौरान ईडी के अधिकारियों के सामने स्वीकार किया था कि उसने रांची के ही एक अन्य जमीन कारोबारी कमलेश के साथ मिल कर फर्जी दस्तावेज की मदद से कांके रोड स्थित कई प्लॉट की खरीद-बिक्री की थी.

### इनवर्टर में शॉट सर्किट से घर में लगी आग, दम घुटने से पूरा परिवार खत्म

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्रेम नगर क्षेत्र में स्थित एक मकान में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी और उनके दो जवान बेटे शामिल हैं। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग मंगलवार सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर लगी। जानकारी के मुताबिक, आग पहली मंजिल पर इन्वर्टर और सोफे में लगी थी, जिसके कारण हीरा सिंह उम्र 48 वर्ष नीतू सिंह (46 वर्ष) पत्नी हीरा सिंह रोबिन पुत्र (22 वर्ष) हीरा सिंह लक्ष्य (21 वर्ष) पुत्र हीरा सिंह धुंए में फंस गए और दिल्ली फायर सर्विस की टीम ने उन्हें घटनास्थल से निकालकर पीसीआर द्वारा अस्पताल भेजा। आरटीआर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात सीएमओ डॉ. चंदन ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया।

---

मुख्यमंत्री से भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग -इन -चीफ, ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शिष्टाचार की भेंट

## फौज बहाली में राज्य के आदिवासियों को दें अवसर, सेना करे पहल : सीएम

मुख्यमंत्री ने आदिवासी रेजीमेंट बनाने की अपनी भावना से कराया अवगत, कहा- देशभर के आदिवासियों को सेना में मिलेगी अलग पहचान

मुख्यमंत्री ने सेना को दिया भरोसा- पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन में सरकार करेगी पूरा सहयोग

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग -इन -चीफ, ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ( UYSM, AVSM, SM ) ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट



और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने से संबंधित अपनी भावना से अवगत कराया । उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देश भर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी ।

**झारखंड में भी इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी बनाने में राज्य सरकार सहयोग करेगी** : इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने झारखंड में भी पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी। ज्ञातव्य है कि सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं। झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सेना भी बड़े स्तर पर अपना योगदान कर सकेगी। खासकर इस राज्य के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए जंगलों और खनन क्षेत्र में वृक्षारोपण और अन्य माध्यमो से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**फौज बहाली में आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं । फौज बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो, इसमें सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करें। लेफ्टिनेंट जनरल श्री रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया क इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जाएगा।

**डूरंड कप के आयोजन में सहयोग करने के लिए जताया आभार :** लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि डुरंड कप एशिया की सबसे पुरानी और विश्व की दूसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इस बार जमशेदपुर की मेजबानी में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है, जिसमे राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र पुरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल वीएस आडकर और मेजर जनरल एमपी सिंह मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की

## आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी लोगों के इलाज की नई योजना शुरू करने से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करें : सीएम

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को दिया। वे आज स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे ।



**स्वास्थ्य उप केंद्रों को सुविधायुक्त बनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता है, उसे बढ़ाया जाए। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूल और कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान , एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ सीके साही और निदेशक औषधि ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने दिए कई और अहम निर्देश

- सभी अस्पतालों में एक ही भवन में ओपीडी और चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध हो।
- सभी स्वास्थ्य उप केंद्र और अन्य अस्पतालों में बाउंड्री वॉल का निर्माण के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया जाए।
- अस्पतालों में डायलिसिस यूनिटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए।
- रांची सदर अस्पताल में एमआरआई मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें
- अस्पतालों के आधारभूत संरचना की मरम्मत, पेयजल शौचालय और बिजली की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, चिकित्सीय उपकरण और दवा की व्यवस्था होनी चाहिए।
- वैसे स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल जहां आईसीयू बेड की व्यवस्था नहीं है, वहां आईसीयू बेड तथा टेली आईसीयू इनेबल्ड केयर क्रिटिकल केयर यूनिट को शुरू करने की पहल हो।
- 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन बेहतर तरीके से हो।

---

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचीं कल्पना सोरेन, साथ में थे कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार जेल में कल्पना सोरेन और कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुलाकात की. दोनों मंगलवार की सुबह पूर्व सीएम से मिलने पहुंचे थे. हालांकि दोनों की हेमंत सोरेन से क्या बातचीत हुई, इसका पता नहीं चल पाया है. बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए कल्पना और गुलाम ने हेमंत सोरेन से जेल में मुलाकात की. इससे पहले इसी महीने सीएम चंपाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी. लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड में सभी पार्टियां विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं. भाजपा ने तो केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को सह चुनाव प्रभारी बनाकर रणनीति की कमान तक सौंप दी है. इधर, इंडिया गठबंधन भी सक्रिय हो गया है. आज कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर अचानक पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने दिल्ली से



रांची एयरपोर्ट पहुंचे और सीधे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा चले गये. इस मुलाकात को बिल्कुल सिक्रेट रखा गया था. क्योंकि मुकालात के बाद गुलाम अहमद मीर अगली फ्लाइट से सीधे वापस दिल्ली लौट गये. इससे साफ है कि वह विशेष रूप से सिर्फ हेमंत सोरेन से मिलने आए थे. इस मुलाकात को बेहद खास बताया जा रहा है. इसकी वजह भी है. दरअसल, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष समेत तमाम बड़े पदाधिकारी दिल्ली में हैं. वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक भी हुई थी. इसी बीच कांग्रेस प्रभारी का रांची आकर हेमंत से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं.

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से खाली 11वें मंत्री पद को भरने के लिए भी चर्चा हुई है. नाम भी तय हो चुका है. हालांकि दिल्ली लौटते वक्त गुलाम अहमद मीर ने सिर्फ इतना कहा कि बहुत जल्द मंत्री के नाम की घोषणा होगी. इस मुलाकात के दौरान सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हुई है. सूत्रों के मुताबिक इस बात पर भी चर्चा हुई है कि आगामी विस चुनाव में इंडिया गठबंधन किन मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगा. गौर करने वाली बात यह है कि 2019 के चुनाव के वक्त महागठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद शामिल थे. लेकिन इस बार भाकपा माले को भी जगह दिया जाना है.

---

## रांची में रिश्वत लेते रातू थाना के दारोगा बाबू गिरफ्तार केस डायरी मैनेज करने के लिए मांग रहे थे घूस

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रातू थाना के सब इंस्पेक्टर को घूस लेते मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की रांची ब्रांच की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। टीम ने सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया।



**केस कमजोर करने के लिए मांगी थी 35 हजार की रिश्वत :** बताया जाता है कि कि सत्येंद्र सिंह ने केस डायरी मैनेज करने के नाम पर घूस की मांग की थी। हालांकि वादी घूस देने को तैयार नहीं था, जिसके बाद उसने इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने पूरे मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में एसीबी ने घूस मांगे जाने की बात सही पायी। इसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

**रातू की रहने वाली महिला ने एसीबी में की थी शिकायत :** रातू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने एंटी करप्शन ब्यूरो में सत्येंद्र सिंह को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी ।एंटी करप्शन ब्यूरो रांची में इसकी शिकायत की। एसीबी की टीम ने जांच के बाद प्रथम दृष्टया शिकायत को सही पाया इसके बाद एसीबी की टीम ने ट्रैप बिछाया और महिला को रिश्वत देने के लिए सत्येंद्र सिंह के पास सीएन राज हाई स्कूल भेजा। यहां महिला ने जैसे ही सत्येंद्र सिंह को रिश्वत के पैसे दिए, एसीबी की टीम ने उन्हें धर दबोचा।

---

### जीएसटी विभाग ने 50 करोड़ से अधिक कर चोरी में स्क्रैप कारोबारी बबलू जायसवाल को किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में एक बार फिर जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है, जहां 50 करोड़ से अधिक कर चोरी करने वाले स्क्रैप कारोबारी बबलू जायसवाल उर्फ ज्ञानचंद जायसवाल गिरफ्तार किया. जीएसटी के अधिकारी इस मामले में ज्ञानचंद जायसवाल से पूछताछ कर रहे हैं. 50 करोड़ से अधिक के जीएसटी चोरी के आरोपी ज्ञानचंद को उसके बिष्टुपुर स्थित आवास से गिरफ्तार किया है. बता दें कि लगभग 1000 करोड़ का जीएसटी घोटाला उजागर हुआ है, जिसमें विभाग नें अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, इनमें से तीन लोगों को कोलकाता से जबकि दो लोगों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया था. ज्ञानचंद जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद कुल 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है, गिरफ्तार किए गए लोगों में विक्की भोलोटिया, शिव देवड़ा, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता समेत अन्य लोगों की गिरफ्तारी की गई है, हालांकि जीएसटी अधिकारियों ने कार्रवाई के बाद शहर के कई व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है.

---

## हजारीबाग : नहाने के दौरान तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत, गांव में मातम

दबंग हिन्द संवाददाता

**इचाक (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के डाढा गांव में नहाने के दौरान रामसागर तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गयी. इस हादसे से गांव में मातम पसरा हुआ है. तीन बच्चे तालाब में नहाने गए थे, लेकिन एक बच्चा बाहर ही रहा. सिर्फ शिवकुमार मेहता के दोनों बेटे तालाब में नहाने उतरे थे. इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए.

**दो बच्चों की मौत से पसरा मातम :** हजारीबाग के लिए मंगलवार अमंगल साबित हुआ. तालाब में नहाने गए दो सगे भाइयों की गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गयी. मृतकों में राजकुमार (9 वर्ष) एवं उसका छोटा भाई एस राज (7 वर्ष) शामिल हैं. ये दोनों सगे भाई थे. दोपहर का भोजन करने के बाद चुपके से दोनों मृतक समेत तीन बच्चे नहाने चले गए. दोनों भाई कपड़ा खोलकर स्नान



करने लगे, जबकि साथ गया तीसरा बच्चा तालाब से बाहर ही खड़ा रहा. नहाने के दौरान दोनों बच्चे गहरे पानी में डूब गए, तो तीसरे बच्चे ने दौड़कर तालाब के समीप के घर वालों को इसकी जानकारी दी. इसके बाद हल्ला सुनकर ग्रामीण दौड़े. इसके बाद इन बच्चों के शवों की तलाश की गयी. हजारीबाग जिले के इचाक की इस घटना से गांव में शोक की लहर है.

---

## राहुल ने कहा, विपक्ष को लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मिलेगा, तो हम अध्यक्ष के चुनाव में समर्थन करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिये जाने की परंपरा रही है और यदि नरेन्द्र मोदी सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के चुनाव में सरकार का समर्थन करेगा. उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समर्थन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फोन किया था और फिर से फोन करने की बात की थी, लेकिन अब तक उनका फोन नहीं आया. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की उम्मीद करते हैं, लेकिन



कांग्रेस के नेता का अपमान किया जा रहा है.

उन्होंने कहा, राजनाथ सिंह जी ने खरगे जी को फोन किया और कहा कि अध्यक्ष (पद के उम्मीदवार) का समर्थन करिए. पूरे विपक्ष ने कहा है कि हम लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए सरकार की ओर से चुने गए उम्मीदवार का समर्थन करेंगे, लेकिन परंपरा है कि सदन के उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को मिलना चाहिए. राजनाथ जी ने कल शाम कहा था कि वह खरगे जी को फिर फोन करेंगे. अभी तक खरगे जी को उनका वापस फोन नहीं आया है.ह्लह्ल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, मोदी जी कह रहे हैं कि विपक्ष को रचनात्मक सहयोग देना चाहिए, लेकिन हमारे नेता का अपमान किया जा रहा है.

सरकार की नीयत साफ नहीं है. राहुल गांधी ने दावा किया, नरेन्द्र मोदी जी कोई रचनात्मक सहयोग नहीं चाहते क्योंकि परंपरा है कि लोकसभा उपाध्यक्ष विपक्ष का होना चाहिए. उन्होंने कहा परंपरा का पालन किया जायेगा तो हम अध्यक्ष के चुनाव में सरकार को समर्थन देंगे.

---

## अमित शाह ने कहा, कांग्रेस के युवराज भूल जाते हैं कि उनकी दादी ने देश में आपातकाल लगाया था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के युवराज यह भूल गये हैं कि उनकी दादी ने आपातकाल लगाया था. उनके पिता राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को इस भयावह घटना पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था, इसमें कुछ भी गलत नहीं है. यह बात आज गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कही. गृहमंत्री ने याद दिलाया कि राजीव गांधी ने यह भी कहा था कि अगर इस देश का कोई भी प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में यह महसूस करता है कि आपातकाल जरूरी है और वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने योग्य



नहीं है.

**कांग्रेस को अपने परिवार और सत्ता के अलावा और कुछ प्रिय नहीं है :** अमित शाह ने इस क्रम में कहा कि तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य दशार्ता है कि कांग्रेस को अपने परिवार और सत्ता के अलावा और कुछ प्रिय नहीं है. जान लें कि 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों का शपथ ग्रहण दो दिनों से जारी है। सत्ता पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर हल्ला बोल रहे हैं. आज 25 जून को आपातकाल लगाये जाने की बरसी है. देश पर आपातकाल थोपने को लेकर भाजपा कांग्रेस एक-दूसरे पर वार-पलटनवार कर रहे हैं. गृहमंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाये रखने के लिए हमारे संविधान की भावना को कई बार कुचला है. कहा कि इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किये. कांग्रेस के युवराज भूल जाते हैं कि उनकी दादी ने देश में आपातकाल लगाया था.

**21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिये थे :** अमित शाह ने कहा कि 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिये थे, मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किये और न्यायालय तक के हाथ बांध दिये थे. उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं. शाह के अलावा भाजपा के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं ने भी देश में आपातकाल लगाये जाने के 49 साल पूरे होने पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला.

# कर्मियों को काम से निकलना बर्दाश्त नहीं : हीरालाल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** ठेका में काम करने वाले स्थानीय मूल वीडियो को शुगर ब्लड प्रेशर के नाम पर काम से निकलना एवं संविदा में स्थानीय को 75% नियोजन नहीं देना इसे झारखंड मुक्ति मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा अगर इस पर अभिलंब रोक नहीं लगा और 75% की नीति को लागू नहीं किया गया तो प्लांट की आर्थिक नाकेबंदी का निर्णय लिया जा सकता है उक्त बातें सर्किट हाउस में आयोजित जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष हरिलाल मांझी ने कहा मौके पर जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि प्लांट के पदाधिकारी के इस तुगलक की फरमान से उनका विस्थापित विरोधी मानसिकता दशार्ते हैं उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंड से रोजगार के लिए हो रहे पलायन को रोकने के लिए झारखंड में कल कारखाने में 75% स्थानीय बेरोजगारों को नियोजित करने का आदेश निर्गत किया है जिसका पालन बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है अपने संबोधन में बोकारो महानगर अध्यक्ष एवं बोकारो विधानसभा प्रभारी मंटू यादव ने बोकारो स्टील प्रबंधन को



सलाह देते हुए कहा कि जब यहां प्लांट बनने की बात हुई थी तो यहां के मूल वासियों ने अपने बीबी कोपार्जन का एकमात्र संसाधन जंगल से जमीन तक यह सोच कर दिया था कि उनके बाल बच्चों को प्लांट में अस्थाई नौकरी मिलेगी लेकिन अस्थाई नौकरी नहीं मिलने की स्थिति में आज जब अपने स्तर से ठेका मौजूद ग्रुप में काम कर रहे हैं तो प्रबंधन मेडिकल जांच का बहाना बनाकर उन्हें कम से निकल रही है इससे स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है मौके पर पार्टी के केंद्रीय सदस्य एवं यूनियन जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बीके चौधरी ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि 2 जून को को ओवन एवं 5 जून को प्लांट गोल चक्कर पर यूनियन द्वारा प्रदर्शन का वीडियो देख लें जिसमें उपस्थित हजारों ठेका कर्मियों का आक्रोश इस बात की ओर स्पष्ट संकेत है जो कभी भी प्लांट की चिमनी का धुआं बंद कर सकते हैं इसलिए 11 जुलाई को 24 घंटे का हड़ताल का नोटिस जारी किया जा चुका है उन्होंने कहा कि प्रबंधन इस पर रोक लगा है और काम पर वापस ले बैठक में या निर्णय लिया गया की 26 जून को उपयुक्त को इस संदर्भ में ज्ञापन दिया जाएगा मौके पर हसन इमाम अंसारी कलाम अंसारी फिरदौस अंसारी मनोज हेंब्रम मिथुन मंडल बीरबल अजय हम ब्रह्म उदय गोस्वामी लालमोहन हेंब्रम विनोद महतो प्रदीप सोरेन शांति सोरेन एकता देवी धनी स्तुति बीरबल हांसदा अशोक हेंब्रम पप्पू सरदार सहित अन्य उपस्थित थे।

# नॉर्वे की संसद में मिला डीपीएस प्राचार्य को इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड

- भारत नॉर्वे शिक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान परिवर्तनकारी उत्कृष्ट के लिए झारखंड से प्राचार्य ने पाया सम्मान

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** श्रीलंका मॉरीशस दुबई बांग्लादेश थाईलैंड सहित अन्य देशों के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षिक गरिमा का परचम लहराया है विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय नवाचार एवं मानवीय मूल्यों के साथ परिवर्तन करी उत्कृष्ट के लिए नॉर्वे में सम्मानित किया गया है ओस्लो स्थित नॉर्वे की संसद में आयोजित भारत नॉर्वे अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह



2024 के दौरान विद्यालय को विश्व प्रतिष्ठित ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया नॉर्वे किंगडम के सांसद एवं शिक्षा तथा शोध के अस्थाई समिति के सदस्य हिमांशु गुलाटी ने बतौर मुख्य अतिथि आकेरशूस नॉर्वे का राज्य मंत्री ओले जैकब जॉनसन तथा नॉर्वे किंगडम में भारत के राजदूत डॉक्टर अक्कीनो विमल की मौजूदगी में विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए एस गंगवार को यह सम्मान प्रदान किया गया मालूम होगी भारतवर्ष से 30 विद्यालय को उक्त समारोह में सम्मानित किया गया झारखंड से एकमात्र डीपीएस बोकारो ही यह सम्मान पाने वाला पहला विद्यालय रहा विद्यालय के प्रातः कालीन विशेष सभा में मंगलवार को इस उपलब्धि की घोषणा हुई विद्यालय परिसर तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा नॉर्वे में प्राप्त या नवीनतम पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण और भविष्य उन्मुखी शिक्षा का प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ता है प्राचार्य डॉक्टर गंगवार के नेतृत्व में विद्यालय निरंतर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट के नए अध्याय जोड़ रहा है इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉक्टर गंगवार ने विद्यार्थी अभिभावक एवं शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमें और भी आगे बेहतरीन के साथ काम करने की प्रेरणा देता है जिससे कि हम सभी मिलकर अपनी शैक्षिक गरिमा को ऐसे ही बढ़ते हुए समृद्ध समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभा सके।

# कोयला क्षत्रिय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** हां पुलिस केंद्र खेल मैदान सेक्टर 12 में कोयला क्षेत्रीय तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस उपमारीक्षक सुरेंद्र कुमार झा ने किया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पुलिस जवानों की उन्होंने हौसला बधाई तथा खेल और पुलिस के बीच के संबंध पर विस्तृत प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में बोकारो धनबाद के पुलिस जवान बास्केटबॉल कबड्डी वालीबाल हॉकी हैंडबॉल और एथलीट में अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे उन्होंने कहा कि खेल से नई ऊर्जा का संचार होता है इस प्रतियोगिता में पुराने कई टूनामेंट का रिकॉर्ड टूटेगा श्री झा ने कहा कि पॉलिशिंग और खेल में बहुत सामान्य है चाहे वह नक्सली हो साइबर हो या गैंगस्टर हो उन्होंने कहा की जीत के लिए प्राइग्रेटिव होना जरूरी है मालूमों की प्रतियोगिता में धनबाद से 75 एवं बोकारो जिला से 80 पुलिस पदाधिकारी भाग ले रहे हैं प्रतियोगिता बुधवार तक चलेगा इस मौके पर पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# तंबाकू 4000 से अधिक बीमारियां कर सकता है पैदा : मोहम्मद असलम

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो सिटी।** मध्य विद्यालय माराफारी एवं मध्य विद्यालय सिवनडीह मैं तंबाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ने किया सेमिनार में जिला परामर्शित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम मोहम्मद असलम द्वारा सभी बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणाम तंबाकू में पाए जाने वाले जहरीले तत्व तंबाकू के प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधि परिणाम सेकंड हैंड स्मोक तथा उससे होने वाले नुकसान तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र एवं तंबाकू छोड़ने के उपाय तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कैसे किया जाए इसके बारे में जानकारी दी गई ।विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि तंबाकू का सेवन किसी भी तरह से




किया जाए वह नुकसान करता है जिला परामर्श द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई गाइडलाइन के अनुसार सभी स्कूल में टॉफी गाइडलाइन का अनुपालन करना होगा जिसके तहत विद्यालय के मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड लेखन होना चाहिए विद्यालय के अंदर या परिसरा भवन तंबाकू मुक्त है इसका बोर्ड दीवार लेखन होना चाहिए परिसर में तंबाकू के दुष्परिणामों को दशार्ता हुआ पोस्टर एवं अन्य जागरूकता का प्रदर्शन किया जाना चाहिए सेमिनार के दौरान सोशल वर्कर छोटेलाल दास विद्यालय के शिक्षण स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित थे।

# कांग्रेस द्वारा चुनी गई सरकार को 90 बार हटाया गया : पूर्व सांसद

### आपातकाल के विरोध में भाजपाइयों ने काला बिल्ला लगाकर आयोजित किया गोष्ठी

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** चास मारवाड़ी धर्मशाला चास में भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल के विरोध में काला दिवस पर गोष्ठी एवं काला बिल्ला लगाकर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस के द्वारा आपातकाल लागू कर आम नागरिकों का मौलिक अधिकार चुना गया प्रेस मीडिया की स्वतंत्रता छीनी गई कांग्रेस के द्वारा देश में चुनी गई सरकार को 90 बार हटाया गया आपातकाल के समय 140000 लोगों को जेल में डाला गया जेल में 22 लोगों की मौत हो गई उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान 42 वां संविधान संशोधन संसद को संविधान के नष्ट करने जोड़ने बदलने या निरस्त की निरंकुश शक्ति प्रदान की गई न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती न्यायपालिका किसी भी आधार पर संविधान में संशोधन पर सवाल नहीं उठा सकती मौलिक अधिकारों में संशोधन को न्यायिक समीक्षा से पड़े रखा गया उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भ्रष्ट चुनाव प्रथा में दोषी पाए गए किसी भी संसद को अयोग्य नहीं ठहरा सकती इस तरह का आपातकाल के दौरान संविधान में संशोधन किया गया उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने मंत्री परिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर के लिए मजबूर किया और इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई राजनाथ सिंह जेपी नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया श्री सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक तुष्टिकरण और वोट बैंक की विभाजन की राजनीति चुनावी हिंसा और मतदाताओं को डराना संविधान और उसके सिद्धांतों का प्रति लोगों को भड़काना ही कांग्रेस का काम रह गया है अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया इस पखवाड़ा के रूप में 6 जुलाई तक मनाया जाएगा मंच संचालन महामंत्री संजय त्यागी धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मुकेश राय ने किया।

# झामुमो ने जीएम के साथ की परिचयात्मक बैठक



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ परिचयात्मक बैठक सोमवार की देर शाम जीएम महासभागार कार्यालय में किया। झामुमो पार्टी बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत महतो के नेतृत्व में तमाम सदस्यों ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार से मुलाकात कर पार्टी के पदाधिकारी का परिचय एवं उद्देश्य से अवगत कराया। यहां महाप्रबंधक ने भी पार्टी के साथ सकारात्मक स्वरूप में प्रबंधन के कार्यों में सहयोग करने का भरोसा जताया ।साथ ही जीएम ने लगभग 36 वर्ष अपने कार्यकाल पर विस्तृत चर्चा किए। मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक एवं प्रशासन विभागाध्यक्ष जयंत कुमार, जबकि पार्टी की ओर से मुन्ना साव,हरिलाल हंसदा, गणेश राम ,नागेश्वर महतो ,गोविंद राम, पुरुषोत्तम महतो ,कुंती देवी, लवली देवी ,दिलीप कुमार मांझी, राजू भुईयां, रंजन महतो आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय कार्मिक एवं प्रशासन विभागाध्यक्ष जयंत कुमार ने दी।

# जमसं के साथ सीएमडी ने की परिचयात्मक बैठक

**दबंग हिंद संवाददाता**

**फुसरो।** सीसीएल मुख्यालय में नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने एचएमएस से संबंद्ध जनता मजदूर संघ के साथ परिचयात्मक बैठक की। सीएमडी ने कहा कि वर्ष 2030 तक सीसीएल 200 मिलियन टन के लक्ष्य को लेकर कार्य योजना बना रही है। कहा कि कम्पनी अपने सभी बाधाओं को पार कर लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। चालू वितीय वर्ष 24 -25 में कम्पनी 100 मिलियन के अपने लक्ष्य को सभी हितधारकों के सहयोग से अवश्य प्राप्त करेगा। यूनियन की तरफ से वेलफेयर, मेडिकल, पेयजल, सभी क्षेत्रों में औद्योगिक समितियों की बैठक एक निश्चित अवधि में ना होने के मुद्दे को भी रखा गया। सभी केन्द्रीय अस्पतालों की समस्यायों को भी रखा गया। यूनियन की तरफ से अध्यक्ष सह



सयुंक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य कमलेश सिंह सीसीएल ने नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह का स्वागत की। कमलेश सिंह ने कहा सीसीएल में महामंत्री सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में संगठन की विस्तार, कार्यशैली, सदस्यता आदि से अवगत कराया व श्रमिकों, रैयत विस्थापित के समस्यों का निस्तारण केंद्रित कम्पनी की कार्ययोजना पर बल दिया। इस अवसर पर सीसीएल रिजनल सचिव ओम प्रकाश सिंह उर्फ टिंनु सिंह, केन्द्रीय सचिव व सेफ्टी बोर्ड मेंबर रविन्द्र नाथ सिंह, वेलफेयर बोर्ड मेंबर सुखदेव प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष डॉ एसके ओझा, अशोक शर्मा के अलावे क्षेत्रीय अध्यक्ष व सचिव गोलटेंन प्रसाद यादव, विकाश कुमार सिंह, राहुल कुमार, आशिष दुबे, उदय प्रताप सिंह, दुष्यंत पटेल, डी पी सिंह, कामोद प्रसाद, जगदीश महतो, दीपक कुमार, अजय सिंह, संतोष कुमार, राजू महतो, निर्मल सिंह, उमेश प्रसाद, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में बही धारा

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** नव कुंभ साहित्य सेवा संस्थान के झारखंड शाखा की पहली ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता पूर्णिमा सुमन सचिव चांदनी कुमारी वर्मा के द्वारा किया गया मीडिया प्रभारी रजत नाथ ने इसमें सहयोग किया कार्यक्रम में अतिथि कवित्री साहित्यकार समाज से भी अंशु जैन ने सभी साहित्यकारों को आशीर्वाद दिया सर्वप्रथम किरण अग्रवाल ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की वही जमशेदपुर की किरण ने कृष्ण भजन गाकर सबका मन मोह लिया तत्पश्चात अनंत मोहन ने योग पर और संत कबीर की वाणी को कविता में पिरोया वही किरण वर्तनी ने योग पर भोर पहर अब जाग कर करना है अभियोग दोहा छंद में गाया।

# जीएम से आश्वासन के बाद जारंगडीह मे संयुक्त यूनियन ने किया पिट मीटिंग

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जारंगडीह।** जारंगडीह खुली खदान कार्यालय परिसर के प्रांगण में मंगलवार को जीएम के आश्वस्त के बाद व जारंगडीह खुली खदान परिसर में पिटमीटिंग किया ।अध्यक्षता चंद्रशेखर झा और संचालन मोहम्मद निजाम अंसारी ने की। इस मौके पर अध्यक्षता संबोधन करते हुए चंद्रशेखर झा ने कहा कि प्रबंधन के द्वारा मशीन को बाहर भेजने का काम किया जा रहा था जिसे मजदूरों की चट्टानी एकता के कारण उसे बाहर नहीं भेजा जाएगा ।कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार के द्वारा पूर्व में हुई एससी सदस्यों की बैठक में मशीन को रोक लगाये जानें की बात कही।।मिली जानकारी के अनुसार महाप्रबंधक द्वारा इससे पूर्व यह सूचित



किया गया था कि जारंगडीह खुली खदान में विभागीय/ डिपार्टमेंटल कार्य पहले की जैसे हर हाल में आगे भी चलता रहेगा और परियोजना के मशीन का स्थानांतरण किसी और खदान में नहीं किया जाएगा। इस मौके पर चंद्रशेखर झा,कामोद प्रसाद, मोहम्मद निजाम अंसारी, रामदास केवट,अजय रविदास, बालगोविंद मंडल,मो नसीम कन्हाई चौहान, जितेंद्र पासवान, मुकेश मोहली, तुलसी साव, केदारनाथ, मनु मांझी, मोहम्मद यूनुस ,सपना राम, लक्ष्मण सूरी, लालू श्याम, दयाल दास,महेश सोरेन,अजय महतो, जलेश्वर मांझी सहित सैकड़ो मजदूर मौजूद थे।

# डीएवी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बांध कथारा।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा के जूनियर और सीनियर विंग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन मंगलवार को किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित कक्षा छठी से आठवीं के छात्र छात्राओं के बीच स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत पर निबंध प्रतियोगिता, कक्षा दशम से बारहवीं तक के बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कक्षा चतुर्थ और पंचम के बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में व्यक्तिगत साफ सफाई से संबंधित प्रश्न पूछे गए।सभी प्रतियोगिताओं में 250 बच्चों ने भाग लिया।विजेता प्रतिभागियों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा।

# पूर्व पीएम स्वर्गीय वीपी सिंह की राजद ने मनाई जयंती

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो सिटी।** राष्ट्रीय जनता दल के तत्व अवधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती सेक्टर 2 में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई समारोह की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामायण सिंह ने किया इस मौके पर प्रदेश महासचिव बहादुर सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दलित पिछड़ों एवं अल्पसंख्यक के उत्थान के लिए उन्होंने पूरा जीवन त्याग और संघर्ष में व्यतीत किया उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए मंडल आयोग की सिफारिश को लागू कर केंद्रीय सेवाओं की नौकरी में आरक्षण देने का काम किया जो वर्षों से लंबित पड़ा था जिसके कारण भाजपा के समर्थन से चल रहे उनके सरकार को भाजपाइयों ने समर्थन वापस लेकर प्रधानमंत्री पद से हटाने का काम किया इस मौके पर अनुसूचित मोर्चा के पूर्व प्रदेश महासचिव रामलाल राम ने कहा कि स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दलित के मान सम्मान के लिए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की संसद में प्रतिमा लगवाने एवं भारत रत्न के साथ उनकी जयंती पर राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करने का फैसला लिया था मौके पर सभी ने उन्हें नमन किया इस अवसर पर श्याम बाबू यादव दिनेश कुमार सिंह चतुर्गुण प्रसाद बलवंत ठाकुर तेज नारायण सिंह मंटू मालाकार अरविंद कुमार नवीन कुमार सुरेंद्र चौधरी राजनाथ यादव हरिशंकर सिंह हरे राम यादव आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### इमरजेंसी के 6 महीना पहले ही बनाई जा रही थी गिरफ्तार करने की योजना : अवधूत

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो ।** 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल के विरोध में आनंद मार्ग की इस काला दिवस के रूप में मनाते हैं आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पूर्व जनरल सेक्रेटरी आचार्य चित स्वरूप आनंद अवधूत ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र पर काला धब्बा लगाते हुए पूरे देश में आपातकाल की घोषणा की थी जिसके बाद नागरिकों का मूल अधिकार को स्थगित कर दिया गया था इमरजेंसी के समय पूरे देश में आनंद मार्ग के लगभग 100 से ज्यादा संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया तथा अनुयायियों को जेल भेजा गया तथा अत्याचार किया गया उन्होंने कहा कि आनंद मार्ग के गुरु संस्थापक भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी को चिकित्सा के नाम पर जहर दिया गया वह आध्यात्मिक शक्ति के कारण इस जहर को सहन कर सके परंतु पूरा शरीर सिकुड़ गया सभी दांत झड़ गए इसके विरोध में देश-विदेश में आनंद मार्ग में आत्मदाह कर अपना विरोध जताया विदेश में कई देश के दूतावास के पास सन्यासियों एवं महिला संन्यासियों ने आत्मदाह किया उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार कुम्मी कपूर की पुस्तक द इमरजेंसी में लिखकर बताया है कि आनंदमारियों को गिरफ्तार करने की योजना इमरजेंसी के 6 महीना पहले बनाई जा रही थी सिद्धार्थ शंकर ने जो कि बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री थे वह इंदिरा गांधी के सहपाठी थे उन्होंने पत्र लिखकर आनंदमारियों की गिरफ्तारी की सूची तैयार करने के लिए कहा कि सभी मुख्यमंत्री को आदेश देने के लिए कहा था उसे पत्र को श्री कपूर ने प्रकाशित किया है इससे साफ जाहिर होता है कि इमरजेंसी के बहाने आनंद मारियो को खत्म करने की साजिश थी आनंद मार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी को काफी टॉर्चर किया गया सिनेमा हॉल में आनंद मार्ग के विरुद्ध विज्ञापन दिखाया जाता था आनंद मार्ग का मतलब बच्चा चोर एवं मुरी कटवा यह सरकारी विज्ञापन हुआ करता था ताकि आम जनता में भाई एवं घृणा का माहौल उत्पन्न हो उन्होंने कहा कि आनंद नगर को सरकार के सहयोग से कम्युनिस्ट के गुंडो ने पूरा जला दिया हॉस्टल में पढ़ने वाले बच्चों को भगा दिया श्री अवधूत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यह सोच नहीं सकता है कि यह आपातकाल मैं देश में किस प्रकार क्रूरता पूर्ण रवैया अपनाया गया था।

### जन जागरण सभा का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चास।** चंदनक्यारी प्रखंड अंतर्गत पश्चिम महल पंचायत के मनी पगार गांव में आदिवासी एकल अभियान के तत्व अवधान में मांझी बदलो गांव बचाओ जागरण सभा सिंगल परगना भूतले टुडू की अध्यक्षता और संचालन बबलू बास्के ने किया। सभा में उपस्थित झारखंड प्रदेश संयोजक जयराम सोरेन उपस्थित थे उन्होंने मांझी बदलो गांव बचाओ जन जागरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि आज आदिवासी समाज मौत के मुहाने पर खड़ा है अस्तित्व पहचान हिस्सेदारी भाषा जल जंगल जमीन सब कुछ लुटा जा रहा है किंतु आदिवासी गांव समाज के अगुवा मांझी बाबा इन तमाम महत्वपूर्ण जानकारी से अन्य विज्ञ है आदिवासी समाज के अधिकांश मांझी बाबा अनपढ़ पियक्कड़ नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले हैं इनको समाज से लेना-देना नहीं है सिर्फ शराब मुर्गा दारू करते हैं महिला विरोधी मृत और अंधविश्वास को बढ़ावा दे रहे हैं आदिवासी समाज को दलदल से बाहर निकालने के बजाय समाज में उचित काम नहीं हो रहा है यही कारण है कि आजादी के 75 साल बाद भी आदिवासी समाज को धार्मिक पहचान जैसे बुनियादी अधिकार से वंचित रखा गया है आदिवासी सरना धर्म कोड और झारखंड में संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा मिले इसके लिए कोई सहयोग नहीं करता है इसलिए वक्त का तकाजा है कि अनपढ़ और संविधान कानून की जानकारी नहीं रखने वाले मांझी बाबा को बदल जाए अन्यथा आदिवासी समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा इस मौके पर राजेश मुर्मू सोनी मुर्मू बबीता मुर्मू सुनीता मुर्मू सुनीता बेसरा बैसाखी हांसदा बुद्धेश्वर दिनेश स्टूडियो सनी टुडू लखींद्र हेंब्रम सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### डॉ मुखर्जी की भाजपाइयों ने मनाई पुण्यतिथि

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा माराफारी मंडल के तत्व अवधान में झोपड़ी कॉलोनी भाजपा कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद लाल संचालन महामंत्री द्वारिका नाथ सिंह ने किया अपने संबोधन में मंडल अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद ने दो मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक देश में दो संविधान दो विधान का विरोध करते हुए कश्मीर में शहीदों का देशवासियों को जागृत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी इंद्र कुमार झा डॉक्टर अशोक कुमार महामंत्री धनंजय चौबे द्वारिका नाथ सिंह राम आधार यादव संजय शर्मा जग्गू शाह अनिल गोरे चंदन कुमार राधा देवी वैजयंती देवी पूजा देवी संजय पांडे मनोज वर्मा हरिनारायण सिंह रमाशंकर शाह दीपक कुमार दीपक सिंह नीरज कुमार लाल बाबू शाह राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### आप ने केंद्रीय इस्पात मंत्री को लिखा पत्र

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एवं झुग्गी झोपड़ी वासी फुटपाथ दुकानदार महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को पत्र लिखकर बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग और सुरक्षा विभाग की मनमानी और तुगलक की फैसले की शिकायत की है अपने पत्र में उन्होंने कहा कि सिटी सेंटर सेक्टर 4 के दक्षिणी छोर और इंदिरा गांधी मार्ग के मध्य सेल प्रबंधन द्वारा सड़क से सटे तीन-चार फीट पर ट्रेंच का गड्ढा खोद दिया गया है इससे दो पहिया और चार पहिया गाड़ी खड़ी करने वाले को सड़क पर ही गाड़ी खड़ी करनी पड़ रही है बीच हरित क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने पर सेल सुरक्षा विभाग के अतिक्रमण हटाओ दस्ते के जवान टायर का हवा खोल देते हैं इससे सिटी सेंटर सेक्टर 4 के प्लांट धारी दुकानदार भरीदार और आम ग्राहक परेशान है यही नहीं करीब 40 साल से रोजगार कर रहे तीन दर्जन फुटपाथ दुकानदारों को भी जबरन हटा दिया गया है उन्होंने कहा है कि पथ विक्रेता अधिनियम के तहत पुनर्वासित किए बिना किसी गरीब शहरी दुकानदार को नहीं हटाया जा सकता है।

### बोकारो स्टील प्लांट में छत संरचनाओं के निरीक्षण के लिए ड्रोन सर्वेक्षण

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में छत संरचनाओं के निरीक्षण के लिए ड्रोन सर्वेक्षण का शुभारंभ एसएमएस न्यू विभाग में राजीव धवन मुख्य महाप्रबंधक तथा शालिग्राम सिंह मुख्य महाप्रबंधक की उपस्थिति में संरचना निरीक्षण जिओ डेटिंक सर्वेक्षण विभाग द्वारा शुरू किया गया इस मौके पर टी एस रंजन आर पत्र पीके स्वान पी के स्वान जे इमाम ऋतुराज सिंह उपस्थित थे। उन्नत ड्रोन सर्वेक्षण पल का उद्देश्य उच्च रेजोल्यूशन इमेजरी और वास्तविक समय उत्तर प्रदान कर बोकारो स्टील प्लांट में छत संरचनाओं की निरीक्षण दक्षता को बढ़ाना है जिससे संरचनात्मक मुद्दों की त्वरित पहचान हो सके ड्रोन के प्रयोग से मैन्युअल निरीक्षण की आवश्यकता में काफी कमी आती है तथा इसे सुरक्षित तरीके से संपादित करने में मदद मिलती है इस परियोजना को संरचना निरीक्षण जिओ डेटिंग सर्वेक्षण विभाग के अंतर्गत हांटेक इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है।

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चैप्टर ने आयोजित किया सेमिनार

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चैप्टर के द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया आयोजन में बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए कार्यक्रम में 50 से अधिक नए चिकित्सा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े संगठन चैप्टर के अध्यक्ष डॉ रक मिश्रा ने कार्यक्रम में नए चिकित्सकों सहित सभी का स्वागत किया सेमिनार के आयोजित व्याख्यान में मेदांता अस्पताल रांची के वरिष्ठ सलाहकार डॉक्टर संगीत सौरव ने पित्त एवं अग्नाशय की बीमारी में एंडोस्कोपी के द्वारा अल्ट्रासाउंड एवं उपचार विषय पर अपने विचार एवं अनुभव को साझा किया इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अकादमिक कमेटी के अध्यक्ष डॉ आर के गौतम द्वारा बोकारो चैप्टर के अध्यक्ष डॉक्टर आरके मिश्रा को सम्मानित किया गया बोकारो चैप्टर के कोषाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र कुमार तथा सेक्रेटरी डॉक्टर गौरव विशाल की उपस्थिति में कार्यक्रम में संचालन डॉक्टर मधुमिता श्रीवास्तव डॉक्टर संदीप एवं डॉ अनूपमा किया।

### नहर में मिला लापता बच्ची का शव

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गोमिया।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी धधकीडीह स्थित तेनु बोकारो नहर में मंगलवार सुबह तीन दिन से अंगवाली निवासी राजन कमार की लापता बच्ची का शव सड़ी गली स्थिति में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कम वेतन मिलने की शिकायत पर श्रम अधीक्षक पहुंचे मेदिनीराय अस्पताल



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के कर्मचारियों के कम और तीन-चार महीने से वेतन नहीं देने के आरोप पर श्रम अधीक्षक इतवारी महतो ने सोमवार को एमआरएमसीएच पहुंच कर मामले की जांच की। बताते चलें कि बालाजी कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार से शिकायत की थी कि उन्हें कम और तीन-चार महीने से वेतन नहीं दिया गया है। शिकायत के आलोक में श्रम अधीक्षक जांच के लिए एमआरएमसीएच पहुंचे।बताते चलें कि एमआरएमसीएस सहित जिले के सभी अस्पतालों में आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के 480 के आसपास सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। श्रम अधीक्षक ने बताया कि एक-एक सफाईकर्मी सहित 38 कर्मियों का बयान दर्ज किया गया। त्रुटि निकलने पर मामले में अनियमित मजदूरी अधिनियम और मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत कोर्ट में अभियोजन दर्ज करने और कंपनी पर एफआईआर करने का प्रावधान है। बयान के भुग अनुसार कंपनी पर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों ने बयान दिया है कि उनसे 6 घंटे काम लिया जाता है। दो शिफ्ट में काम होता है। 8 से 2 एवं दो से 8 बजे तक शिफ्ट बंटा हुआ है। इसके तहत निर्धारित मजूदरी कंपनी अपने ग को दे रही है या नहीं यह भी जांच 3/10 गयी। अंतर बकाया भुगतान नहीं करने पर कोर्ट में अभियोजन दर्ज किया जायेगा। अगर 30 दिन काम लिया जाता है तो पेमेंट 30 दिन का करना होगा। 3 से चार महीने के वेतन भुगतान का स्टेटमेंट कंपनी से लिया जा रहा है। इससे मिलान किया जायेगा कि किसको कितना भुगतान किया गया। मेंडेज के अनुसार कार्य देखा जायेगा। इसके अनुसार भुगतान देखा जायेगा। इधर, बाला कंपनी के हेड सुपरवाइजर देव तिवारी ने बताया कि कर्मियों का वेतन भुगतान से संबंधित जो भी आरोप है, वह निराधार है। सभी का भुगतान 10 तारीख तक चला जाता है। किसी कर्मी का भुगतान नहीं है।

## अदरा के महीना में पानी के एक बूंद के लिए तरस रहे पलामू वासी : रूचिर तिवारी

● **पूर्व के रहे मंत्री विधायक सांसद ने किसानों के खेत में पानी पहुंचाने के लिए नहीं उठाया कोई कारगर कदम : भाकपा**



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिननीर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात का महीना वह भी अदरा का महीना आकाश की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं पलामू के किसान लेकिन बारिश की एक बूंद पलामू को नसीब नहीं। पलामू जिला में बहुत सारे प्रतिष्ठित नेता मंत्री और स्पीकर भी रहे जैसे इंदर सिंह नामधारी, कें एन त्रिपाठी त्रिपाठी, भाजपा के दो बार के बिधायक ,एवं तीन बार के सांसद रहने के बावजूद वैकल्पिक कृषि हेतु नदी- नालों को बांधकर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की कोशिश कभी नहीं किया। केवल नाम बड़े और दर्शन छोटे का कहावत चरितार्थ होता है जब स्व विदेश सिंह विधायक थे तो पांकी में बराज का काम पूरा हुआ लेकिन नाहर पूरा नहीं हुआ जिसके कारण फाटक नहीं लग पाया वही मलय डैम योजना के तहत बना नहर तो बन गया लेकिन आज तक उसमें पानी नहीं आया प्रधानमंत्री मोदी का दो-दो बार का मंडल डैम का घोषणा अधूरे काम का पूरा करने के लिए काम शुरू नहीं हुआ। दूसरी और निगम क्षेत्र में तो आम नागरिकों को पीने का पानी मिलना भी मुश्किल हो गया। पेयजल योजना के तहत पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी ने चियांकी पहाड़ पर टंकी भी बनवाया लेकिन उसका लाभ आम जनता को नहीं मिला बल्कि लाभार्थी केवल ठेकेदार हुए। इस तरह देखा जाए तो पूरे पलामू जिला में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का एक भी सिंचाई परियोजना पूर्व के किसी सरकार और मंत्री ने पूरा नहीं किया बल्कि बड़े रसूखदारों के द्वारा तालाब नदी नालों का अतिक्रमण भी कर लिया गया लेकिन इन मंत्रियों विधायक को एवं सांसदों को उनके खिलाफ एक्शन तो दूर एक शब्द बोली भी नहीं निकलती है जिसके चलते आज पलामू के किसान भगवान भरोसे पानी पर निर्भर है। वहीं दूसरी सबसे बड़ी समस्या किसानों के समीप नीलगाय की समस्या आज नीलगाय पलामू जिला के सभी गांव में झुंड के झुंड पाए जाते हैं लेकिन इससे निदान अभी तक फॉरेस्ट विभाग के पास और न हीं किसी नेता मंत्री के पास है चुनावी मौसम आ रहा है ऐसे नेताओं से जनता सावधान रहे। और ऐसे नेताओं और उनके बारिशानो से पूछे कि आपने पलामू को पानी देने के लिए क्या किया और क्या करेंगे।

## उप विकास आयुक्त ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।साथ ही ग्राम स्तर पर स्वछता/ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने से संबंधित समीक्षा की। इस दौरान ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया गया।इसके अतरिक्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, गोबरधन, सामुदायिक स्वछता केंद्र, कचरा प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य बिंदुओ पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर विभिन्न निर्णय लिया गया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से सभी पीएचसी स्तर पर एक-एक समुदायिक शौचालय निर्माण को आवश्यक बताया गयामौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज पदाधिकारी समिति अन्य उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर चुनाव आयोग ने एसपी को प्रशस्ति पत्र भेजा



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिननीर।** पलामू दशकों बाद पलामू जोन में हिंसा मुक्त लोक सभा चुनाव हुआ है। पिछले तीन दशक से नक्सली संगठन चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।लेकिन इस बार लोकसभा के चुनाव में पलामू, लातेहार और गढ़वा के इलाके में किसी भी तरह की हिंसा नहीं हुई है. लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पलामू, लातेहार और गढ़वा एसपी को प्रशस्ति पत्र भेजा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का पत्र पलामू एसपी रीष्मा रामेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन और गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय को मिला है. पलामू और गढ़वा, पलामू लोकसभा क्षेत्र जबकि पलामू का पांकी विधानसभा एवं लातेहार, चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है. पलामू एसपी रीष्मा रामेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने पत्र मिलने की पुष्टि की है। पलामू का इलाका नक्सल हिंसा के लिए पूरे देश भर में चर्चित रहा है और चुनाव के दौरान कई बड़ी घटनाएं हुई हैं. जबकि गढ़वा और लातेहार का सीमावर्ती क्षेत्र पर बूढ़ा पहाड़ मौजूद है, जो माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है. बूढ़ा पहाड़ के कई इलाकों में तीन दशक के बाद मतदान केंद्र बनाया गया था. जहां बंपर वोटिंग हुई है. वहीं पलामू के कई इलाकों में केंद्रों तक पोलिंग पार्टी सड़क मार्ग से मतदान केंद्र तक गई है. पलामू के चक के इलाके में पहली बार मतदान कर्मी सड़क मार्ग से गए थे. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने तीनों एसपी को पत्र लिखकर चुनाव के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की है।

## बेची गई महिला आई वापस, मानव तस्करी मामले में मामला दर्ज




**दबंग हिंद संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** चतरा जिले के सुदरवर्ती कुंदा थाना क्षेत्र में मानव तस्करी का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकवा गांव की 33 वर्षीय कविता देवी ने दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कराया है। कविता देवी ( पति अजीत रविदास ) ने अपने लिखित आवेदन में कुंदा थाना क्षेत्र के खुटेर गांव निवासी कविता देवी पति उमेश दास एवं यूपी के शहजपुर निवाशी रामदास मोची व एक अन्य के द्वारा धोखे से नशा देकर अपहरण कर दूसरे राज्य में जबरन शादी व बच्चा को खरीद बिक्री करने की बात कही है। वहीं मामले में पुलिस लिखित ने आवेदन के आधार पर कांड संख्या 30/24 में धारा 363, 366, 370 व 334 के तहत मामला दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी कविता देवी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही एक नामजत व एक अज्ञात के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो की मामले में पीड़िता के पति अजीत रविदास ने माह पूर्व कुन्दा थाना में अपने चार वर्षीय बच्चा समेत पत्नी के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराते हुए खोजबीन की गुहार लगाई थी। थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि आवेदन के आलोक में एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## छात्र-छात्राओं के बीच स्लो साईकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय, चतरा के 64वें स्थापना दिवस सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच स्लो साईकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभकामना देते हुए की गई। प्रतियोगिता की अगुवाई कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनीष दयाल एवं डॉ. एलविन बखला द्वारा दी गयी। कार्यक्रम सह समन्वयक डॉ. अतुल अनुराग तिर्की एवं ज्योति कुमार द्वारा सभी प्रतियोगियों के नियम परिनियम बताये गये तथा उन्हें अपना 100 प्रतिशत देने को प्रोत्साहित किया गया। स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में निपुन कुमारी प्रथम, प्रियांका कुमारी द्वितीय एवं अस्मिता कुमारी तृतीय, पुरूष वर्ग में सुनील महतो प्रथम, रौशन गंझु द्वितीय एवं आकाश कुमार प्रजापति तृतीय स्थान प्राप्त किये। बुधवार 26 को छात्र-छात्राओं के लिए रस्साकस्सी प्रतियोगिता विभागावार किया जाएगा। पतियोगिता में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सुलभ, प्रो. शोभा कुजुर, प्रो. हेमन्त कुमार मिश्रा, प्रो. विवेक, आशीष बाखला, प्रो. अमित, प्रवीन तिग्गा, प्रो. अनशुमय लायक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों में तीर्थनाथ रजक, रवि, प्रवीर, धीरू, शंकर, इरफान एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

## दस कर्म में शामिल हुए ठाकुर समाज के लोग

**दबंग हिंद संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड निवासी विनोद ठाकुर के दिवंगत पिता कामेश्वर ठाकुर के दस कर्म में मंगलवार को ठाकुर समाज के लोग शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर के नेतृत्व में ठाकुर समाज के लोगों ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि दिवंगत सामाजिक व्यक्ति थे और उनके कथन युवाओं को प्रेरित करने के साथ मार्ग दर्शक का काम करता था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी के प्रधानाध्यापक डॉक्टर दुलार ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, मुखिया छोटन ठाकुर, आदित्य ठाकुर, रामजीवन ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, कवि ठाकुर समेत भारी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## बच्चे की हत्या के झूठे मुकदमे का आरोप लगा ग्रामीण हुए गोलबन्द



**दबंग हिंद संवाददाता**

**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा पंचायत में विगत फरवरी माह में एक घटना में बच्चे के मौत मामले में कुछ लोगों पर झूठे मुकदमा करने के विरोध में सैकड़ो ग्रामीण गोलबंद हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार बीते 26 फरवरी को लमटा गांव निवासी सिकंदर साव का पुत्र अभिनंदन लापता हो गया था। बेहद खोजबीन के बाद पुलिस के सहयोग से अभिनंदन का शव उसके ही कुएं से बरामद किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि सिकंदर साव और विकास साव के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। अभिनंदन के मौत के बाद बिना किसी साक्ष्य के उसके परिजनों नें विकास साव, उसके भाई अनिल साव एवं 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के ऊपर हत्या कर शव को कुएं में डालने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था और विगत 17 जून को पुलिस नें आधी रात को विकास साव के घर पहुंचकर पंकज कुमार को उठा लिया और दूसरे दिन जेल भेज दिया। वहीं दो लोग पुलिस के डर से अब भी फरार हैं। ग्रामीणों का अरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर सिकंदर साव एवं उसके परिजनों ने आसपास के 39 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि आज जमीनी विवाद में विकास साव के परिजनों को फसाया गया है। कल किसी और को भी फंसाया जा सकता है। इसकी धमकी भी हमेशा द्वितीय पक्ष द्वारा दिया जाता रहा है। वहीं आए दिन ग्रामीणों एवं महिलाओं को जिंदा जलाने एवं जान से मारने की धमकी भी द्वितीय पक्ष के द्वारा हमेशा दिया जाता रहा है। ग्रामीण श्याम प्रसाद, कौशल्या देवी, गीता देवी, जगदीश साव, संजू देवी, विनोद साव आदि ग्रामीणों का अरोप है कि द्वितीय पक्ष के अत्याचारों से हम बेहद आहत हैं और डर से सहमी हुई जिंदगी जीने को मजबूर हैं। अतः हम ग्रामीण पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों से उचित छानबीन के बाद ही उचित कार्रवाई करने की गुहार लगा रहे हैं। इसके लिए पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर भी न्याय की गुहार लगा चुके हैं। इधर सिकंदर आदि ने पूछे जाने पर बताया कि जमीनी विवाद में विकास साव आदि द्वारा पूरे वंश को समाप्त करने की धमकी दिया जाता था।

## स्थाई लोक अदालत सह राजस्व शिविर का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थाई लोक अदालत के प्रथम सदस्य अरुण कुमार, द्वितीय सदस्य संजय कुमार सिन्हा व बीडीओ सह सीओ राहुल देव मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में दाखिल खारिज, शुद्धिकरण, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा सहित राजस्व संबंधी मामले को लेकर विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। वहीं शिविर में एका दुक्का मामला ही आया। शिविर में मुखिया जगदीश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव, दिनेश भारती समेत अन्य मौजूद थे।

# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता संपन, कान्हाचट्टी को 2-0 से हराकर पत्थलगड़ा बनी विजेता



**दबंग हिंद संवाददाता**

चतरा। 23 जून से 25 जून तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल कप प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को अंडर 17 बालिका वर्ग के मुकाबले के साथ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ टंडवा-हंटरगंज प्रखंड के बीच हुआ, जिसमें टंडवा की बालिकाओं ने 1-0 से विजई हुई। दूसरे मैच में लावालौंग को 1-0 से मयूरहंड ने, तीसरे मैच में कुंदा को 1-0 से गिद्धौर प्रखंड ने, चौथे मैच में चतरा सदर प्रखंड ने सिमरिया को पेनल्टी शूटआउट में 3- 2 से पराजित किया। वहीं पहले क्वार्टर फाइनल में टंडवा से पत्थलगडा 1-0 से विजय हुई। दूसरे क्वार्टर फाइनल में मयूरहंड से कान्हाचट्टी 1-0 से विजय हुई। तीसरे में गिद्धौर, प्रतापपुर से 1-0 से विजय हुई। चौथे क्वार्टर फाइनल मैच चतरा की टीम इटखोरी से पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से विजय हुई। सेमीफाइनल के पहले मैच के विजेता पत्थलगड़ा, दूसरे का कान्हाचट्टी, तीसरे का विजेता गिद्धौर टीम रहा। जबकी फाइनल मैच पत्थलगड़ा बनाम कान्हाचट्टी के बीच खेला गया, जिसमें पत्थलगड़ा 2-0 से विजय हुई। सभी विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान के लिए सभी टीमों को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, झाशिप के एडीपीओ मनोज कुमार सिंह, ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने मेडल, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता आयोजक समिति के सदस्यों एवं सभी रेफरी को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तर पर होने वाले खेल में जिला का नाम खिलाड़ी रौशन कर लौटे। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार, शारीरिक शिक्षक अबोध राम, राघवेन्द्र चौधरी, सबिता मालतो, जितेंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार ,मंजू कुमारी, कुसुम कुमारी, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार पांडेय, सीमा श्रीवास्तव, श्याम किशोर कृष्ण, कुमार टिंकू, जितेंद्र कुमार पांडेय, चंदन कुमार पांडेय, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, पुष्पा एक्का का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

## एक नजर

### जंगली हाथी ने 42 वर्षीय व्यक्ति को कुचला, इलाज के दौरान मौत



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गढ़वा भंडरीया थाना क्षेत्र के परों गांव निवाशी जन वितरण प्रणाली दुकानदार महरु सिंह उम्र 42 वर्ष को बीती रात करीब 11:00 बजे जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। इस घटना के बारे में मृतक के भतीजा सहदेव सिंह ने बताया कि बीती रात करीब 11:00 बजे सहदेव सिंह अपने घर के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे।इसी बीच अचानक उन्हें हाथी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी।तो वह उठकर वहा से भागने लगे।इसी बीच हाथी ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया।जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए भंडारिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि इस घटना की जानकारी वन विभाग को भी दे दी गई है। वन विभाग के पदाधिकारी भी इस घटना के बारे में जांच पड़ताल कर रहे हैं।

### झारखंड कर्मचारी आयोग को सौंपा ज्ञापन



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिननीर।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनारायण शुक्ला महासचिव प्रकाश कुमार सचिव अजय कुमार यादव और संगठन के सभी सदस्य ने एक बार फिर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव को ज्ञापन सौंपा है। उस ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि जल्द से जल्द जेएसएससी द्वारा सभी प्रतियोगिता परीक्षा की कैलेंडर जल्द से जल्द जारी की जाए क्योंकि चुनाव का वक्त अब आ चुका है जैसे छात्र एकदम हताश और निराशा है। कौन-कौन से परीक्षा संबंधित कैलेंडर जारी करवाना चाहते हैं। छात्र 1 जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में हो और उसकी नियुक्ति 15 सितंबर तक हो जाना चाहिए या छात्र की मांग है 2 लेडिज सुपरवाइजर की परीक्षा जल्द से जल्द होनी चाहिए 3 कट पालक की परीक्षा जल्द से जल्द होनी चाहिए 4 सीजीएल टेक्निकल की परीक्षा जल्द से जल्द होनी चाहिए 5 झारखंड पुलिस की दौड़ जुलाई से प्रारंभ हो जानी चाहिए 6 उत्पाद सिपाही का दौड़ जुलाई मां के प्रथम सप्ताह में होनी चाहिए 7 एलडीसी और सचिवालय आशुलिपि की विज्ञापन जल्द से जल्द जारी होनी चाहिए 8 आईटीआई इंस्ट्रक्टर और नगर पालिका की रिजल्ट जल्द से जल्द प्रकाशित होनी चाहिए इन सभी मांगों को लेकर संगठन के सभी सदस्य ने मिलकर सचिव को ज्ञापन सौंपा। अगर हम लोगों की मांग एक सप्ताह के अंदर पूरी नहीं की गई हम लोग मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे और जेएसएससी का घेराव करेंगे छात्र अब के पास अब कोई रास्ता नहीं है। इसके सिवाय इसलिए सरकार और आयोग से विनम्र प्रार्थना है कि हम लोग की मांग जल्द से जल्द पूरा करने की कृपा करें धन्यवाद।

### स्कूली बच्चों ने मादक पदार्थ के विरुद्ध में निकाला जागरूकता रैली



**दबंग हिंद संवाददाता**

**प्रतापपुर( चतरा)।** मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे के छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान सभी बच्चों द्वारा शपथ ली गई कि गांव के हर नागरिक को नशे से बचाने का काम करेंगे। जागरुक्ता रैली में बच्चे नशा विरोधी सलोगन लिखे तख्ती हाथों में लिए और नारा लगाते हुए गांव का भ्रमण कर आम लोगों को नशे के विरुद्ध जागरुक किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध ठाकुर ने बताया की नशा समाज को खोखला कर देता है। युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है, अगर युवा ही नशे की गर्त में चली जाएंगी तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएगा। मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता हर व्यक्ति के बीच लाने के लिए इस तरह के अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए। नशा के विरुद्ध विद्यालय के द्वारा चलाए गए अभियान में छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक शामिल थे।

### सूखे पेड़ कर रहे हादसे को आमंत्रित

**दबंग हिंद संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** मानव जीवन हो या पशु, पक्षी जीवन के लिए हरे भरे पेंड़ पौधे जिंदगी देते हैं। वहीं अगर इसकी देख भाल न हो तो ऐसे सूखे पेड जान भी ले सकते हैं। इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी-चतरा मुख्य पथ स्थित कलाली चौक के पास सड़क किनारे कई सूखे व झुके पेड बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। इसके वाबजूद संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नही देते। बता दें कि चतरा-इटखोरी सड़क किनारे वर्षों पुराने कई पेड सूख गए हैं और आंधी तूफान के समय कभी भी धारासाही हो सकते हैं। ऐसे में आवागमन करने वाले राहगीर व वाहन चालक जान जोखिम में डालकर आवागमन करने पर विवश हैं। साथ ही सप्ताह में दो दिन पितीज-कलाली चौक पर बाजार भी लगता है। इधर डाली भी आये दिन टूटकर गिरते रहता है। दुख की बात तो यह है कि इस मुख्य मार्ग से रोज कई अधिकारी गुजरते हैं। लेकिन किसी ने भी इसपर संज्ञान नही लिया। लोगों का कहना है कि होगा सबकुछ, लेकिन किसी बड़े हादसे के बाद, हादसे के बाद ही सबक लेना जैसे सरकारी विभाग का कार्यशैली बन गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने सूखे पेड़ को कटवाने की मांग सरकार, जिला प्रशासन व वन विभाग से की है।

### लोकपाल ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश,

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने मनरेगा कर्मियों साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रुप से रोजगार सेवक, कनिय अभियंता, बीएफटी समेत अन्य कर्मी शामिल हुए। जिसमें लोकपाल ने पंचायतवार मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के अभिलेख अवलोकन किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में पूर्व से संचालित डोभा में डिमांड देख संबंधित कर्मियों को कडी फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि दस जून से हीं डोभा में डिमांड बंद किया गया है बावजूद डिमांड किया जाना घोर अनियमितता दशार्ता है। ऐसे में डोभा में लगाया गया डिमांड शुन्य करें। तत्पश्चात फुलांग पंचायत में संचालित मेढबंदी व अन्य योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर कई आवश्यक निर्देश रोजगार सेवक व संबंधित कर्मियों को दिया। निरीक्षण के क्रम में रोजगार सेवक रुपेश कुमार सिंह, सुनिल कुमार, अजय कुमार, अर्जुन राम, कनिय अभियंता उमेश उरांव, बीएफटी सुबोध सिंह, संजय कुमार, रमण पाण्डेय के अलाव अन्य मनरेगा कर्मि उपस्थित थे।

# लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये



ललित गर्ग

**राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।**

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद




स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र ह्लमोजॉयकह्ल है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें। इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मयार्दा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा।

राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

## संपादकीय

### हमसायों का साथ

भारत में नई सरकार के गठन के बाद भारत की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आना कई मायनों में सुकूनकारी है। उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के दरम्यान के घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढाना है। दोनों देशों ने समुद्र क्षेत्र समेत कई अन्य अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए दस समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने व हरित साझेदारी के साथ समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य व चिकित्सा, आपदा प्रबंधन व मत्स्य पालन भी इसमें शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा नए क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है, जिससे दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा।



हसीना ने भारत को विसनीय मित्र बताते हुए 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार व भारतीयों के योगदान को याद किया। भारत की पड़ोसी पहले की नीति के तहत बांग्लादेश महत्त्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देश जल्द नई रेल सेवा व बस सेवा भी चालू करने पर सहमत हैं। पंद्रह दिनों के भीतर हसीना का यह दूसरा भारत दौरा है। कहा जा रहा है, इस करीबी से चीनी सरकार चिंतित हो सकती है। हालांकि बांग्लादेश के चीन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। वह कच्चे माल के मामले में उसका प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। इसके बाद हसीना चीन भी जा रही हैं, परंतु भारत ने भी पिछले आठ वर्षो में बांग्लादेश के बुनियादी ढांचे के विस्तार में मदद के लिए आठ मिलियन डॉलर का कर्ज दिया है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के दरम्यान 15.9 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ, जिसके मौजूदा वर्ष में तीव्र गति से बढने की उम्मीद है। गौर करने वाली बात है कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा डेवलपमेंट पार्टनर भी है। हालांकि दोनों ही देश जलवायु परिवर्तन के बदलावों के चलते जनसांख्यकीय व आर्थिक उथल-पुथल झेल रहे हैं। और ये मसले वाकई दोनों ही देशों के लिए परेशानी का सबब हैं। इस समझौते को विकसित भारत 2047 व स्मार्ट बांग्लादेश 2041 के व्यापक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। बांग्लादेशी नौजवानों के लिए भारत सिर्फ बेहतरीन जीवन व रोजगार की स्वप्नगाह भर नहीं है। बल्कि एक छोटे से देश का सामर्थ्यवान हमसाया होने का फर्ज निभा कर भारत अपना बड़प्पन भी बखूबी दर्शा रहा है। साथ ही वह प्रमुख एशियाई देश होने का गौरव भी प्राप्त करते हुए दुश्मनी साधने वाले पाकिस्तान को आईना भी दिखा सकता है।

## चिंतन-मनन

### बदला हुआ आदमी

स्कॉटलैंड के एक राजा को शत्रुओं ने पराजित कर दिया। उसे धन-जन की बड़ी हानि हुई और संगी-साथी भी छूट गए। अब बस उसका जीवन बचा था, पर शत्रु उसकी टोह में थे। प्राण बचाने के लिए वह भागा-भागा फिर रहा था। स्थिति यह थी कि राजा अब मरा कि तब मरा। राजा एक खोह में छिपा अपनी मौत की प्रतीक्षा करते हुए सोच रहा था- शत्रु की तलवार पल भर में मेरा काम तमाम कर देगी।

तभी राजा ने देखा- एक मकड़ी खोह के दरवाजे पर जाला बनाने में व्यस्त थी। वह कई बार कोशिश करती, नाकाम रहती, लेकिन फिर से उठकर जाला बनाने लगती। राजा ने सोचा- यह व्यर्थ प्रयत्न कर रही है। बिना आधार के जाला भला कैसे बना पाएगी। किंतु आश्चर्य, मकड़ी का एक झीना-सा सूत्र खोह के मुंह पर अटक ही गया। बस फिर एक के बाद एक सूत्र अटकते चले गए और देखते-देखते जाला तेजी से बुना जाने लगा। थोड़ी देर में पूरी खोह के मुंह पर जाला तैयार था।

तभी शत्रु के सिपाही वहां आ पहुंचे। लेकिन खोह के मुंह पर मकड़ी का जाला बना देख वापस लौट गए। करीब आई हुई मौत तो वापस चली गई पर राजा को एक गहरे विचार में छोड़ गई। उसने सोचा- मकड़ी बार-बार गिरकर भी निराश और परास्त नहीं हुई तो मैं इंसान होकर भी क्यों डर रहा हूं? मैं भी अवश्य अपने शत्रुओं को परास्त करूंगा। इस मकड़ी ने मेरा संकल्प मजबूत कर दिया है। यह सोचते ही वह खोह से बाहर निकल गया।

# कई संकटों का कारण बनता बढ़ता तापमान

देश के उत्तरी राज्य भीषण गर्मी से तप रहे हैं। बीते एक महीने से भी ज्यादा समय से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। इस बार तो गर्मी ने पहाड़ों पर भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बढ़ते तापमान से बड़ी संख्या में मौतें भी हुई हैं और गर्मी के शिकार मरीजों की तादाद भी बढ़ रही है। इतिहास में पहली बार हम वैश्विक गर्मी की यह भयावहता देख रहे हैं, जिसकी अब तक पर्यावरणविद और विज्ञानी कल्पना भर ही कर रहे थे। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, अगले पांच साल में पहली बार वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के 66 फीसदी आसार हैं। उस हालत में कैसे जियेंगे हम, यह सवाल आज चर्चा का विषय बना हुआ है। वैश्विक तापमान की सीमा छूने का अर्थ है कि विश्व 19वीं सदी के दूसरे हिस्से के मुकाबले अब 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी में जलवायु परिवर्तन और अल नीनो ने अहम भूमिका निभायी है। यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है। फिर भी आपदाओं के बावजूद जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने में तत्परता वैसी नहीं है, जैसी अपेक्षित है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें, तो न केवल बीता वर्ष, बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गर्म दशक रहा है और 2014 के बाद यह जून सबसे गर्म माह रहा है। इस वर्ष की रिकॉर्ड गर्मी की शुरूआत ने 12 माह का औसत तापमान बढ़ाकर 1.5 डिग्री को लांघ दिया है। यदि तापमान वृद्धि की दर पर अंकुश नहीं लगा, तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जायेंगे। अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि तेल और गैस के इस्तेमाल से होने वाला उत्सर्जन इसका अहम कारण है। बीते वर्षों के अध्ययन से पता चलता है कि 2022 में ही 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत गर्मी के चलते हुई। दुनिया की करीब 81 फीसदी आबादी भीषण गर्मी झेलने को विवश है। हालात इतने खराब हो गये हैं कि इंसान तो इंसान, पेड़-पौधे भी सांस नहीं ले पा रहे हैं। इसका अहम कारण पेड़ों में सांस लेने और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की क्षमता कम होते जाना है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि इससे भुखमरी, सूखा और जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ेगा। खासकर कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों पर इसका घातक असर होगा।

गर्मी और हीटवेव हृदय के लिए खतरनाक साबित हो रही है। इससे आत्महत्या तक के खतरे बढ़ सकते हैं। कारण अत्यधिक गर्मी से शरीर की थर्मोरेगुलेटरी प्रणाली चरमरा सकती है। अमेरिकी सेंटर फॉर डिजीज के मुताबिक अत्याधिक गर्मी से किडनी भी खराब हो सकती है। साल 2000 के बाद से हुए अध्ययन प्रमाण हैं कि इस बीच हुई लाखों मौतों का संबंध कहीं न कहीं गर्मी से है। इनमें 45 फीसदी मौतें एशिया में हुई हैं। शरीर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाये, तो शरीर के मैटाबॉलिज्म पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ज्यादा पसीना बहने का असर स्किन, किडनी, हृदय और ब्रेन पर पड़ता है। डायबिटीज से ग्रसित मरीजों के अलावा धूम्रपान करने या शराब पीने वालों को इसका ज्यादा खतरा होता है। एम्स (दिल्ली) में न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ मंजरी त्रिपाठी की मानें, तो कई बार हीट स्ट्रोक की वजह से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा होता है। पानी की कमी से खून दिमाग तक नहीं पहुंच पाता है और नसों में जम जाता है, जिससे रक्त संचार बाधित होता है। डॉक्टरों की मानें, तो मौसम बदलने और तापमान बढ़ोतरी से लोगों में मानसिक उलझन हो रही है। बढ़ता तापमान माइग्रेन के रोगियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसका खुलासा अमेरिका की सिनसिनाटी विश्वविद्यालय से जुड़े केंद्र ने किया है।

तापमान बढ़ोतरी का असर समय पूर्व जन्म दर में वृद्धि के रूप में होगा। यह खतरा 60 फीसदी तक बढ़ जायेगा। यह खतरा बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियां सहित कई हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा। बढ़ती गर्मी बच्चों के दिमाग को भी कमजोर कर रही है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव से खाद्यान्न आपूर्ति पर संकट बढ़ जायेगा। इससे फसल, फल और डेयरी उत्पादन दबाव में हैं। बाढ़, सूखा और




तूफान की बढ़ती प्रवृत्ति ने इसमें और इजाफा किया है। खाद्य विशेषज्ञ कैटलिन वैल्श कहते हैं कि इन मौसमी घटनाओं की वजह से उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के बडे.हिस्से के किसान मुश्किल में हैं। दक्षिणी यूरोप में गर्मी के कारण गायें दूध कम दे रही हैं। इटली में फल, सब्जी और गेंहू उत्पादन प्रभावित हुआ है। मछलियों का आवास भी प्रभावित हुए नहीं रहा है। उनकी संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु समिति के अनुसार, यदि धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकना है, तो 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43 फीसदी तक घटाना होगा। यह समय की मांग है क्योंकि धरती के गर्म होने की रफ्तार अनुमान से कहीं ज्यादा है। आज धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। समस्या की असली जड़ जीवाश्म ईंधन है, जिससे हमें दूर जाना होगा।

**- ज्ञानेंद्र रावत**

# आपातकालः निरंकुशता और संघ का निष्क्रिय प्रतिरोध



डॉ. प्रशांत बड़थ्वाल



भारतीय राजनीति में जब कभी भी लोकतांत्रिक इतिहास का कलंकित अध्याय खोला जाएगा, तो वह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सांविधानिक प्रावधानों की निर्मम हत्या कर देश में आपातकाल की घोषणा 25 जून की मध्यरात्रि ही रहेगा। आपातकाल महज नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित करना एवं समाज में पुनः निरंकुश कानून को स्थापित करना भर नहीं था, बल्कि इलाहबाद उच्च न्यायालय में गांधी की एकतरफा हार का प्रमुख कारण रहा। तत्पश्चात अपने हजारों राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को कम कर दिया गया और सरकार के लिए खतरा माने जाने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन संगठनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) एक प्रभावशाली संगठन था।

इसके बाद जो हुआ, वह आरएसएस के इतिहास के सबसे उल्लेखनीय अध्यायों में से एक 'निष्क्रिय प्रतिरोध आंदोलन' था, जिसने प्रतिबंध की पुरजोर अवहेलना की और अपने संगठनात्मक ढाँचे को काफी हद तक अक्षुण्ण रखा और आपातकाल का विरोध करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतिरोध के शीर्ष पर संघ के तत्कालीन सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस (बालासाहेब देवरस) थे। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व कार्यकताओं और स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि, 'इस असाधारण स्थिति में, स्वयं सेवक अपना संतुलन खोने के लिए बाध्य नहीं हैं। 26 जून, 1975 की सुबह जैसे ही आपातकाल की घोषणा की खबर पूरे भारत में फैली, देश में अविश्वास और भय की भावना फैल गई। आपातकाल का लागू होना राजनीतिक उथल-पुथल, आर्थिक चुनौतियों और इंदिरा गांधी की बढ़ती सत्तावादी प्रवृत्तियों के दौर की परिणति के रूप में आया। संघ, जो लंबे समय से गांधी की चुनिंदा नीतियों की आलोचना करता रहा, आपातकाल की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर उनके प्रमुख नेताओं को घेर लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि यह संघ की दूरदर्शिता ही थी कि शीर्ष नेतृत्व ने इस तरह के कदम का पूवार्नुमान लगा लिया था। आपातकाल से कुछ समय पूर्व जैसे-जैसे राजनीतिक तनाव बढ़ा, बालासाहब देवरस और संघ के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व ने आकस्मिक योजनाएं बनानी शुरू कर दी थीं। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि संगठन की यह तैयारी उस तूफान का अपनी क्षमतापूर्वक सामना करने में महत्त्वपूर्ण साबित होगी जो इसे घेरने वाला था और जनकल्याण हेतु कार्य में विघ्न उत्पन करने वाला था। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और लोक संघर्ष समिति के संयोजक, नानाजी देशमुख (जिन्होंने 1977 में जनता पार्टी के बैनर तले विपक्ष को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई) और के. एस. सुदर्शन ने भी पत्रों के माध्यम से विभिन संगठनों के साथ भी संवाद किया। संघ पर सरकार की कार्रवाई त्वरित और कठोर थी। शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय स्तर के हजारों कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों तक को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। संगठन के कार्यालयों पर छापे मारे गए और दस्तावेज के साथ संपत्ति भी जब्त कर ली गई। 4 जुलाई, १९७५ को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कई अन्य संगठनों के साथ संघ को आधिकारिक रूप से 'मीसा कानून' के अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया गया था।

इस भारी-भरकम दृष्टिकोण के बावजूद संघ नई वास्तविकता के लिए पुनः अनुकूल होने में कामयाब रहा। संघ ने अपने स्थानीय शाखाओं की अनूठी संरचना से राष्ट्र में व्याप्त भय के वातावरण में भी विकेंद्रीकृत नेतृत्व के साथ जनमानस तक केंद्र सरकार की निरंकुश नीतियों का दमन और समाज में अन्य वर्ग के लोगों की सहायता से कई प्रचार-प्रसार के कार्य सफलतापूर्वक किया, जिसमें स्वयंसेवकों के अलावा सामान्य जनता का भी सरकार के प्रति रोष संघ के लिए अतुलनीय योगदान के रूप में सिद्ध हुआ।

वर्ष 1975 के अंत में जेल से बाहर आकर आपने संदेश में देवरस ने लिखा- 'वर्तमान संकट वैचारिक मतभेदों से परे है। लोकतंत्र और कानून के शासन में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को हमारे मौलिक अधिकारों पर इस हमले का विरोध करने के लिए एक साथ आना चाहिए। इस निर्देश से संघ और अन्य विपक्षी समूहों के बीच सहयोग बढ़ा, जिसमें समाजवादी और मध्यमार्गी शामिल थे। देवरस ने अहिंसक प्रतिरोध के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि वे अधिकारियों के साथ टकराव से बचें जो हिंसा का कारण बन सकते हैं, इसके बजाय सविनय अवज्ञा और भूमिगत संगठनात्मक कार्य पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी औपचारिक संरचनाओं के बाधित होने के कारण आरएसएस ने संगठन को सुचारू रूप से सक्रिय रखने के लिए भूमिगत संचालन के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक इसकी दैनिक शाखाओं की निरंतरता को रखा। आपातकाल के दौरान संघ ने भारत के सबसे काले समय में लोकतांत्रिक परिवर्तन की संभावना को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। चाहे कोई संघ की विचारधारा से सहमत हो या नहीं, आपातकाल के दौरान इसकी भूमिका को भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।



# शिवकार्तिकेयन की एसके23 के शीर्षक से उठा पर्दा!

एआर मुरुगादॉस इन दिनों शिवकार्तिकेयन के साथ मिलकर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई शीर्षक एसके 23 है। फिल्म की कहानी खुद एआर मुरुगादॉस ने लिखी है और वे इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही प्रशंसकों को इससे जुड़ी जानकारियों का इंतजार रहता है। फिल्म अस्थाई शीर्षक के साथ शूट किया गया था। वहीं, अब फिल्म को लेकर नई दिलचस्प जानकारी सामने आई है। ऐसा लगता है कि अब निर्माताओं ने फिल्म का आधिकारिक शीर्षक तय कर लिया है।

### फिल्म का शीर्षक

शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस अपनी पहली फिल्म के लिए साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और अभी इसका निर्माण चल रहा है। अब, नई रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक सिंगा नादाई होगा। हालांकि, निर्माताओं द्वारा इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### खलनायक बनेंगे विद्युत

इस फिल्म को एक्शन थ्रिलर बताया जा रहा है, जिसमें रुक्मिणी वसंत मुख्य भूमिका में हैं। यह कन्नड़ अभिनेता की तमिल फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म होगी। निर्माता कलाकारों के बारे में नई घोषणाओं के साथ प्रशंसकों को अपडेट कर रहे हैं। अब तक विद्युत जामवाल इस फिल्म में खलनायक के रूप में नजर आएंगे। इससे पहले विद्युत थुप्पाकी में मुरुगादॉस के साथ काम कर चुके हैं।

### रिलीज की तारीख से पर्दा उठना बाकी

शिवकार्तिकेयन, रुक्मिणी और विद्युत के अलावा फिल्म में विक्रांत, शबीर कल्लारक्कल और अन्य कलाकार भी होंगे। एसके 23 में अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत होगा। फिल्म के बड़े पैमाने पर मनोरंजन करने की उम्मीद है। शिवकार्तिकेयन ने पहले खुलासा किया था कि यह फिल्म उन्हें प्रदर्शन करने के ज्यादा मौके देगी। फिल्म की शूटिंग फरवरी में शुरू हुई थी। एसके 23 की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। एसके 23 को सिनेमैटोग्राफर सुदीप एलमोन ने शूट किया है और श्रीकर प्रसाद संपादक हैं।



# सारा ने भाई इब्राहिम से मांगी माफी, बताया खुद से ज्यादा समझदार

सारा अली खान और इब्राहिम अली खान बॉलीवुड की सबसे चर्चित भाई-बहनों की जोड़ियों में से एक हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे को छेड़ते और प्यार जताते नजर आते हैं। हाल में ही सारा ने कहा है कि उनके भाई इब्राहिम उनसे ज्यादा परिपक्व और समझदार हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह स्वीकार किया वह अपने भाई के प्रति थोड़ा ज्यादा ही मां वाला भाव रखती हैं, जो इब्राहिम के समझदारी को देख उन्हें कभी-कभी बुरा भी लगता है। इब्राहिम की बहन कम, मां ज्यादा बनी रहती थीं सारा एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा इब्राहिम उनसे अधिक सुलझे हुए और परिपक्व हैं। उनका कहना है कि बिना पिता के अकेली मां के साथ रहने के कारण दोनों के बीच रिश्ता बहुत ज्यादा भाई-बहन जैसा नहीं था। वह इब्राहिम की मां बनने की कोशिश ज्यादा करती रहती थीं। उन्होंने इसे लेकर मजाकिया अंदाज में कहा कि इस तरह से देखा जाए, तो इब्राहिम दो मां के साथ बड़ा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अपने भाई की बहुत अधिक मां बनने की कोशिश करने के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

सारा ने इब्राहिम को ज्यादा समझदार बताते हुए स्वीकार किया कि जितना इब्राहिम उनसे सलाह लेते थे, उससे कहीं अधिक बार वह उनसे सलाह लेती थीं। इस दौरान अपने भाई की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, वह एक ठोस और कहीं अधिक सुलझा हुआ और परिपक्व इंसान है। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी कि पढ़ाई में वह अपने भाई से कहीं अधिक प्रतिभाशाली हैं।

अनुराग बसु की फिल्म में आएंगी नजर बात करें सारा के वर्कफ्रंट की तो वह आखिरी बार ऐ वतन मेरे वतन में नजर आई थीं। फिल्म को दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा उन्हें भी फिल्म के लिए समीक्षकों और फैंस से प्रशंसा मिली थी। इसके बाद वह अनुराग बसु की मेट्रो...इन डिनो में अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में उनके अलावा अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता, फातिमा सना शेख, अली फजल और कोंकणा सेन शर्मा जैसे कलाकार भी काम कर रहे हैं।

# बॉडी शेमिंग पर भड़कीं स्वरा भास्कर

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर बॉडी शेमिंग किए जाने पर भड़क गई हैं। दरअसल, हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर स्वरा की पुरानी और नई तस्वीर शेयर करके उनका लुक कंपेरिजन किया था। इतना ही नहीं यूजर ने स्वरा के बढ़े वजन का मजाक उड़ाते हुए कहा था, ये खाती क्या है? स्वरा ने ट्रोलर की इस पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, मैं मां बनी हूं, कुछ अच्छा कीजिए नलिनी। स्वरा इससे पहले भी सोशल मीडिया यूजर नलिनी की क्लास लगा चुकी हैं जो कि पेशे से खुद को फूड ब्लॉगर बताती हैं। कुछ दिनों पहले नलिनी ने अपने खाने की प्लेट का फोटो शेयर किया था जिसमें पनीर और फ्राइड राइस रखा था। नलिनी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा था, मुझे वेजिटेरियन होने पर गर्व है। मेरी प्लेट आंसुओं, क्रूरता और पाप से मुक्त है। स्वरा ने इस पोस्ट को रीशेयर करते हुए लिखा- सच कहूं तो। मुझे वेजिटेरियन लोगों की एक बात समझ नहीं आती। आप लोगों की सारी डाइट गायों को जबरन गर्भवती कराकर, फिर उन्हें उनके बच्चों से अलग करने और उनका दूध चुराने से बनती है। इसके अलावा आप जड़ वाली सब्जियां खाते हैं, जिससे पूरा पौधा ही खत्म हो जाता है। रिलैक्स करिए, बहुत ज्यादा सवाल-जवाब करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि बकरीद है। उनके इस कमेंट पर कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया था।

### बेबाकी के चलते नहीं मिल रहा काम

स्वरा पिछले दिनों इंडस्ट्री में साइडलाइन किए जाने वाले बयान की वजह से भी सुर्खियों में थीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि विवादित मुद्दों पर अपनी राय रखने और बेबाकी की वजह से उन्हें फिल्मों में काम नहीं मिल रहा है। उन्हें फिल्ममेकर्स और इंडस्ट्री के लोग साइडलाइन करते हैं। फिल्ममेकर्स उनके खिलाफ गलत बातें बोलते हैं और उन्हें विवादित एक्ट्रेस का टैग देकर काम नहीं देते हैं।



# एटली के साथ धमाल मचाने को तैयार सलमान -रणवीर

सुपरस्टार सलमान खान और प्रशंसित निर्देशक एटली कुमार के बीच संभावित सहयोग को लेकर बॉलीवुड और साउथ सिनेमा दोनों क्षेत्रों में अफवाहें फैल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन के साथ वित्तीय विवादों के कारण एक प्रोजेक्ट से हटने के बाद एटली ने सलमान खान को एक नई स्क्रिप्ट देने का फैसला किया। इसके अतिरिक्त, यह बताया गया है कि मेर्सल और बिगिल जैसी साउथ ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए प्रसिद्ध एटली, सलमान खान की मुख्य भूमिका के साथ एक पैन इंडिया फिल्म बना रहे हैं। इतना ही नहीं इस प्रोजेक्ट से रणवीर सिंह का भी नाम जुड़ रहा है, जिसने फैंस के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

### पर्दे पर साथ आएंगे सलमान-रणवीर!

जाहिर तौर पर एटली, सलमान खान और रणवीर सिंह को लेकर दो-हीरो वाले एक्शन फिल्म की योजना बना रहे हैं। कथित तौर पर रणवीर सिंह भी एटली कुमार के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं। यह कदम दोनों अभिनेताओं और एटली के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। खैर, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है क्योंकि चर्चा फिलहाल शुरुआती चरण में है।

### फिल्म में होगा हाई ऑक्टेन एक्शन!

एटली के निर्देशन में सलमान खान और रणवीर सिंह के स्क्रीन साझा करने की संभावना ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों के साथ मनोरंजक कहानियों को सहजता से मिश्रित करने के लिए जाने जाने वाले एटली कुमार, बॉलीवुड के दो सबसे बड़े सितारों के साथ एक फिल्म का निर्देशन करके हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना कद ऊंचा करने के लिए तैयार हैं।



# रितेश देशमुख ने की पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत

एक्टर-फिल्म मेकर रितेश देशमुख पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आने वाली वेब सीरीज के मेकर्स ने शनिवार को एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें फार्मास्यूटिकल्स की अंधेरी और भ्रष्ट दुनिया की झलक दिखाई गई है। मोशन पोस्टर में रितेश कह रहे हैं कि इस देश में किस बीमारी से कितने लोग मरते हैं, उसका डेटा हमारे पास है। लेकिन खराब दवाई की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, उसका कोई डेटा नहीं है। मोशन पोस्टर के साथ जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम हैंडल पर कैप्शन लिखा था आपकी दवा (मेडिसिन) वास्तव में किस चीज से बनी है? पिल विशेष रूप से 12 जुलाई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीमिंग। यह शो 21 जुलाई को प्रसारित होगा। रितेश हॉरर कॉमेडी फिल्म काकुड़ा में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ सोनाक्षी सिन्हा और साकिब सलीम भी होंगे। काकुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापग्रस्त रतोडी गांव पर आधारित है। फिल्म में जिले के हर घर में दो दरवाजे हैं, जो एक सामान्य आकार का और दूसरा छोटा है। कहानी एक अजीबोगरीब रस्म के इर्द-गिर्द घूमती है, इसके तहत हर मंगलवार शाम 7.15 बजे हर घर का छोटा दरवाजा खोलना जरूरी होता है। अगर कोई इसका पालन नहीं करता है, तो उसे काकुड़ा का गुस्सा झेलना पड़ता है, जो घर के मुखिया को सजा देता है। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।





# कोटा फैक्ट्री के दौरान ताजा हुई आईआईटी कोचिंग की यादें

**ब्लैक एंड व्हाइट सीरीज कोटा फैक्ट्री सीजन 3 नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। सीरीज में लोगों को जीतू भैया का किरदार काफी पसंद आया है। जिस तरह जीतू भैया अपने स्टूडेंट्स से कनेक्ट करते हैं, उन्हें देख हर कोई चाहता है कि उनकी जिंदगी में भी एक जीतू भैया हो। सीरीज में जीतू भैया का किरदार जितेंद्र कुमार ने निभाया है।**

एक्टर जितेंद्र आईआईटी खड़गपुर के छात्र रह चुके हैं। उन पलों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे उनकी मां उनसे मिलने आती थीं, जब वह राजस्थान के कोटा में पढ़ाई कर रहे थे और बीमार पड़ जाते थे। कोटा फैक्ट्री की कहानी कोटा में छात्रों के जीवन और ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) को क्रैक कर आईआईटी में प्रवेश पाने के उनके प्रयासों की है।

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए जितेंद्र ने बताया, जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो उसमें मुझे एक चीज जो तुरंत पसंद आई वह थी जब वैभव (मयूर मोरे) बीमार हो जाता है, और उसकी मां उससे मिलने आती है। मां और बच्चे के बीच एक अलग ही बॉन्डिंग होती है। टीचर भी कहते हैं कि अपनी मां से ज्यादा गपशप मत करो। उनके साथ ज्यादा समय मत बिताओ। जितेंद्र ने कहा, असल में, ये चीजें मेरे साथ हो चुकी हैं, और तब मैं सोचता था कि यह मेरे साथ सिर्फ इसलिए हो रहा है, क्योंकि मैं एक छात्र हूं। लेकिन ऐसा हर छात्र करता है और कोटा के पानी में या मेस के खाने में कुछ ऐसा है कि छात्र किसी न किसी तरह बीमार पड़ जाते हैं। उन्हें केवल एक ही तरीके से बचाया जा सकता है और वह है उनकी मां। फिर हर कोई अपनी मां को बुलाता है, और उनके साथ दो महीने बिताता है। एक्टर ने कहा, मैं सोचता था कि मैं अकेला ऐसा लड़का था जो इस हालात का सामना कर रहा था, बीमार था और अपनी मां को बुला रहा था और मैं पूरी रात अपनी मां के साथ गपशप कर रहा था। मुझे लगा कि मैंने ही ऐसा किया है, लेकिन जब मैंने राइटर से पूछा तो उन्होंने कहा, नहीं, नहीं ऐसा सबके साथ होता है। तो वह स्क्रिप्ट का सबसे जादुई पल था।

**अपने पास हिट प्रोजेक्ट्स के चलते जितेंद्र ओटीटी स्टार बन गए हैं। वह कैसा महसूस करते हैं?**

इस सवाल पर जितेंद्र ने जवाब दिया, मुझे अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि ओटीटी ने कहानीकारों को बहुत कुछ दिया है, एक्सप्लोर और एक्सपेरिमेंट करने के लिए बहुत कुछ दिया है। और मैं भी उन्हीं में आता हूं। मैं कहानियों के साथ एक्सपेरिमेंट कर रहा हूं। मुझे बताया गया है कि स्टोरीज सीमित हैं और अलग-अलग फिल्म निर्माता उन्हें अलग-अलग मॉड्यूल में बना रहे हैं और उन्हें यूनिक तरीके से पेश कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि मैं वह सब कुछ कर पा रहा हूं।

# म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर फिल्म कसूर में नजर आएंगे आफताब शिवदासानी



बॉलीवुड एक्टर आफताब शिवदासानी म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर फिल्म कसूर में नजर आएंगे। इसकी घोषणा प्रैक्टिकल प्रोडक्शंस के निर्माता आसिफ शेख ने की। निर्माता आसिफ ने कहा, यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट है- म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर... जब आफताब ने कहानी सुनी, तो वह इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। ऑडियंस सिल्वर स्क्रीन पर आफताब शिवदासानी को एक बहुत ही अलग किरदार में देखेगी। उन्होंने कहा, यह एक लेखक द्वारा समर्थित किरदार है, और हम आफताब के साथ फीमेल लीड और एक अन्य मेल लीड को फाइनल कर रहे हैं। इन किरदारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। फिल्म कसूर को ग्लेन बैरेटो डायरेक्ट करेंगे। वहीं कहानी मुदस्सर अजीज ने लिखी है।

# राकांपा ने थापरनगर स्टेशन पर दिया धरना

**दबंग हिंद संवाददाता**

**निरसा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी के नेतृत्व में आज आसनसोल मंडल रेल के थापरनगर स्टेशन पर यात्री सुविधा एवं द्रुतगामी ट्रेनों के ठहराव को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना दो घण्टे तक चला। ततपश्चात आसनसोल मंडल रेल प्रबंधक के नाम से थापरनगर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा गया। उमेश गोस्वामी ने कहा कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। बिजली, पानी, सड़क, शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है। अप एंड डाउन प्लेटफॉर्म भी आमने- सामने नहीं होकर दो छोर पर हैं। अप प्लेटफॉर्म पूरब दिशा में है, तो डाउन प्लेटफॉर्म पश्चिम दिशा में है। आने-जाने का रास्ता रेलवे ट्रैक से होकर है। लोग जान जोखिम में डाल एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाते हैं। उन्होंने कहा कि थापरनगर स्टेशन 14 कोलियरी, स्कूल, कॉलेज, पॉलिटेक्निक, पुलिस थाना, ओपी, तीन प्रखण्ड, मैथन थर्मल पावर, दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, बैंकों के अलावा छोटे-बड़े कल-कारखानों से घिरा है। यहां बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेस, पंजाब, दिल्ली के लोग व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। बहुत लोग नौकरी पेशा में हैं। इस स्टेशन पर दूरगामी ट्रेनों का ठहराव नही है। द्रुतगामी ट्रेनों को पकड़ने के लिए यहां के लोगों को 30 किलोमीटर पूरब आसनसोल या 30 किलोमीटर पश्चिम धनबाद जाना पड़ता है, जिससे मानसिक व आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। श्री गोस्वामी ने अन्य यात्री सुविधाओं के साथ शक्तिपुंज, मौर्य, पाटलिपुत्र, कोलफील्ड, ब्लैक डाउन, देहरादून, जम्मूतवी एक्सप्रेस के साथ धनबाद-पटना इन्टरसिटी के ठहराव की मांग की है। उन्होंने रेलवे के वरीय अधिकारियों पर थापरनगर स्टेशन के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। श्री गोस्वामी ने कहा कि अगस्त तक उक्त समस्याओं के निराकरण की सार्थक पहल की जाये, अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ेगा। ज्ञापन की छायाप्रति महाप्रबंधक दक्षिण-पूर्व रेलवे कोलकाता, सचिव रेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नई दिल्ली व अन्य को भी प्रेषित की गयी है।



## पंजाब एंड सिंध बैंक ने किया 1635वीं शाखा का शुभारंभ

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाओं का लाभ देने के लिए भारत की अग्रणी सरकारी बैंक पंजाब एंड सिंध बैंक ने आज अपनी 1635वीं शाखा की शुरूआत की। इसका उद्घाटन दीपक कुमार दुबे, उप विकास आयुक्त गिरिडीह द्वारा किया गया। इस बैंक से सस्ती ब्याज दर पर लोन की सुविधा तथा चालू और बचत खातों पर विभिन्न तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैंक के उप महाप्रबंधक समिंदर सिंह ने बैंक के विभिन्न उत्पादों और बैंक के मोबाइल एप्लीकेशन की जानकारी साझा की। स्थापना दिवस के उपलक्ष में बैंक द्वारा दिव्यांगों में २ व्हील चेयर का वितरण किया गया।

# सेल के जीतपुर कोलियरी गेट पर ठेका मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**झरिया।** सेल की बंद जीतपुर कोलियरी चालू करने को लेकर जनता मजदूर संघ के बैनर तले ठेका मजदूरों ने जीतपुर कोलियरी के मुख्य द्वार पर आज से प्रबंधन के खिलाफ दो दिवसीय प्रदर्शन शुरू किया। मजदूरों ने कोयले का उत्पादन चालू करने, मजदूरों का पीएफ चालू करने, ठेका मजदूरों को क्वार्टर खाली करने को लेकर दिये गये नोटिस को वापस लेने की मांग को लेकर प्रबंधन एवं डीजीएमएस के खिलाफ मजदूरों ने नारेबाजी की। मालूम हो कि 100 वर्ष पुरानी सेल की जीतपुर कोलियरी एकमात्र भूमिगत कोयला खदान थी, जिसे जल रिसाव की घटना के बाद डीजीएमएस द्वारा फिलहाल बंद कर सिम्फर से जांच कराने के आदेश के बाद से हजारों ठेका मजदूर मार्च से बेरोजगार हो गये हैं। उनकी स्थिति बद से बदतर हो गयी है। कोलियरी के आस-पास रह रहे लोगों के बीच भय का माहौल पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि कोलियरी अगर बंद हो गयी, तो उन लोगों का क्या होगा? कोलियरी के कारण ही उनलोगों का रोजगार चलता है। जनता मजदूर संघ के सचिव टोकनाथ तिवारी का कहना है कि 14 नंबर सिम के 9 एवं 10 नंबर फेस के चाल से पानी का रिसाव हो रहा है। पूरी कोलियरी को बंद करना प्रबंधन एवं डीजीएमएस की मंशा को दशार्ता है कि ये लोग मिलकर कोलियरी बंद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर जीतपुर कोलियरी चालू नहीं हुई, तो भूख हड़ताल करने को बाध्य होंगे। जीतपुर कोलियरी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार गोप ने कहा कि ठेका मजदूर अपने परिवार के साथ वर्षों से इन आवासों में रह रहे हैं। उनको आवासों से बेदखल करना जनता मजदूर संघ कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर दुर्गाचरण महतो, विनय पांडेय, पयारेलाल नोनिया, दिनेश कुमार, अनिल यादव, प्रकाश वर्मा, शंकर महतो, विकाश कुमार महतो, दीपक कुमार सिंह, शिव कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।



# ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन ने कोयला मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**दबंग हिंद संवाददाता**

**झरिया।** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाब सिंह और केंद्रीय महासचिव जयबहादुर सिंह यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। श्री यादव ने बताया कि ओबीसी एसोसिएशन कोल इंडिया एवं इसकी सभी अनुषंगी कम्पनियों में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से ओबीसी कर्मचारियों एवं समाज के लोगों के अधिकार की लड़ाई संरक्षक सांसद सतना गणेश सिंह के संरक्षण में लगातार कई वर्षों से लड़ी जा रही है। ओबीसी एसोसिएशन के उत्थान के लिए कोल इंडिया एवं अनुषंगी कम्पनियों में डीओपीटी की गाइडलाईन का पालन कराते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाये। कोल इंडिया एवं अनुषंगी कम्पनियों में ओबीसी को पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वेलफेयर, सेफ्टी, हाउसिंग एवं सभी समितियों में प्रतिनिधित्व दिया जाये। एसोसिएशन के ज्ञापन पर कोयला मंत्री ने आश्वासन दिया कि ओबीसी के उत्थान के लिए अवश्य ही सकारात्मक कार्य होंगे। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, महानदी कोलफील्ड अध्यक्ष मिथिलेश सिंह तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त जानकारी एसोसिएशन के बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल मीडिया प्रभारी राम नारायण ने दी है।

## विस्थापित दुकानदार संघ ने दिया धरना



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** फुटपाथ पर दुकान उपलब्ध कराने की मांग को लेकर विस्थापित दुकानदार संघ के सदस्यों ने अज रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। संघ के अध्यक्ष गयासुद्दीन ने उपायक्त को पत्र देकर विस्थापित दुकानदार संघ के सदस्यों को दुकान उपलब्ध कराने की मांग की है। तेजनारायण सिह ने कहा कि 40 साल से फुटपाथ पर दुकान लगाकर गरीब दुकानदार अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे थे, लेकिन आज उनकी दुकानें उजाड़ दी गयी हैं, जिससे उनके परिवार के सदस्य भुखमरी के कगार पर हैं। वे आज दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। इन दुकानदारों की दुकानें कथित प्रभावशाली व्यक्तियों ने उजाड़वाई है। प्रस्तुत कागजातों से पता चलता है कि दुदानी की उक्त जमीन भूमि पट्टा से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुई, तो शनि मंदिर के समीप हम सभी आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। धरना में रामनाथ सिंह, असलम खान, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, तेजनाराय सिह आदि शामिल थे।

# मंत्री गडकरी से मिले रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दिल्ली प्रवास के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर झारखंड से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा निदान के लिए ज्ञापन सौंपा। श्री राज ने बताया कि सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार एवं प्रस्तावित प्रस्तावों को अमली जामा पहनाने के लिए ज्ञापन दिया। इसमें गिरिडीह गिरिडीह-बेंगाबाद मुख्य मार्ग का विस्तारीकरण भी शामिल है। श्री राज ने बताया कि स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल से मिलकर झारखंड एवं गिरिडीह में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस उपकरण की मांग की। उन्होंने बताया कि स्टील मिनिस्टर एचडी कुमार स्वामी से मिलकर झारखंड में रांची और गिरिडीह में स्टील यार्ड बनाने की मांग की। कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मिलकर झारखंड की कोलियरियों में श्रमिक समस्याओं से अवगत कराया तथा गिरिडीह की बनियाडीह कोलियरी के जीर्णोद्धार की मांग की। साथ ही झारखंड के सांसदों से मिलकर झारखंड के विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया।



## मिशन बेटियों की उड़ान प्रारंभ

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** पाठशाला ने बच्चियों के स्वावलंबन और उनकी पढ़ाई के लिए मिशन 'बेटियों की उड़ान' प्रारंभ किया है। इसके तहत कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक की बच्चियों को निःशुल्क साइकिल वितरण करने की योजना है। मिशन का प्रारंभ पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक देव कुमार वर्मा की माताजी मधु देवी द्वारा आज भागा बस्ती शाखा में कक्षा 5 की नित्या और नैना को साइकिल और नये कपड़े देकर किया गया। मालूम हो कि पाठशाला पिछले 10 वर्षों में लगभग 1500 से ज्यादा बच्चों को कक्षा एक से लेकर इंजीनियरिंग तक की पढ़ाई का खर्चा वहन कर चुकी है। पाठशाला के कई बच्चों ने दसवीं और 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में परचम लहराया है। पाठशाला के प्रधानाचार्य नीलकंठ महतो ने बताया कि आने वाले 10 दिनों के अंदर 50 बच्चियों को साइकिल देने की योजना है।

# मादक पदार्थों के खिलाफ स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** मादक पदार्थों के सावन के विरुद्ध जागरूकता को लेकर समाज कल्याण विभाग द्वारा आज जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें स्कूली बच्चों ने साइकिल के साथ हिस्सा लिया। जागरूकता रैली को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जो सिटी सेंटर से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक तक गयी। रैली के समापन पर सभी ने नशा के खिलाफ शपथ ली। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर ने मादक पदार्थों के उपयोग से बचने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है। इसका सेवन हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों और आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में सम्मान खो देता है। लोगों के साथ परिवार और समाज के विकास में नशा सबसे बड़ी बाधक है। नशे के कारण लोग हिंसा, शोषण, दुर्घटना के शिकार हो रहे है। नशा के कारण लोगों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। इस अवसर पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।




# आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने मनाया काला दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर आज भाजपा ने काला दिवस मनाते हुए सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में बोकारो विधायक विरंची नारायण, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा नेता सुरेश साहू, दिनेश यादव, नेता दिलीप वर्मा, चुन्नुकांत समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने बांह में काली पट्टी बांधकर आपातकाल का विरोध जताया। बोकारो विधायक सह सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि इंदिरा सरकार ने 50 साल पहले जो आपातकाल लगाया था, उसकी टीस आज भी युवा महसूस करते हैं। उस वक्त देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर यातना दी गयी थी। आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही है, जबकि इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर संविधान को कुचला था। इसके लिए कांग्रेस नेताओं को देश से माफी मांगनी चाहिए, जिसकी हिम्मत आज तक कांग्रेस नहीं जुटा पायी है। सेमिनार को अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। जिला महामंत्री संदीप डंगाईच ने कार्यक्रम का संचालन किया।मौके पर हरमिंदर सिंह बग्गा, प्रकाश सेठ, मोतीलाल, देवनाथ राणा, शालिनी वैशखिरयार, प्रो॰ विनिता, ज्योति शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।



# महाप्रबंधक के साथ जनता मजदूर संघ की वार्ता संपन्न

**दबंग हिंद संवाददाता**

**अलकडीहा।** बागडिगी में जयरामपुर आउटसोर्सिंग परियोजना के लोडिंग प्वाइंट पर पिछले दिनों जेएमएस बच्चा गुट के समर्थक व नेता रूपक सिन्हा के साथ प्रबंधन की शह पर गुंडों द्वारा की गई मारपीट से बिफरे संघ के संगठन सचिव हर्ष सिंह ने आज क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम से वार्ता की। समझौता वार्ता में संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उमाशंकर शाही एवं सचिव मल्लू सिंह ने आउटसोर्सिंग के लोडिंग प्वाइंट में आउटसोर्सिंग से प्रभावित क्षेत्र के ८0 प्रतिशत बेरोजगार मजदूरों को नियोजन देने, सम्मानजक विस्थापन होने तक जयरामपुर, जीनागोरा, बागडिगी, बरारी, लोदना, जियलगोरा के निवासियों को नियमित पानी एवं बिजली आपूर्ति करना, एनटी-एसटी, जीनागोरा के लोडिंग प्वाइंटों में विभागीय परियोजना सा ट्रक लोडिंग का लिए कोयला आपूर्ति करने तथा जयरामपुर में समसेर्बुल पंप देने सहित अन्य मांगों से क्षेत्रीय प्रबंधन को अवगत कराया। संघ के नेता हर्ष सिंह ने जीएम से कहा कि वे बच्चा गुट के समर्थकों को भेदभाव के नजरिए से देखना बंद कर उनकी समस्याओं का अविलंब समाधान करायें, अन्यथा संघ को अपना काम कराने का तरीका मालूम है। जीएम निर्झर चक्रवर्ती ने संघ की सभी समस्याओं का अविलंब समाधान कराने का आश्वासन दिया। वार्ता में विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डेय, अभिषेक सिंह, रामबाबू सिंह, दीपक सिंह, समरजीत सिंह, रूपक सिन्हा, दिलीप महतो, राजू खान, सुरेश माली आदि शामिल थे।



## संयुक्त मोर्चा ने प्रदर्शन कर प्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

**दबंग हिंद संवाददाता**

**तिसरा।** बस्ताकोला क्षेत्र स्थित केओसीपी-जीओसीपी परियोजना के वन विभाग वाले क्षेत्र में कोयले का भंडार है। इस संबंध में कई बार परियोजना, क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर वार्ता हुई। प्रबंधन द्वारा कहा गया था कि जंगल क्षेत्र की जमीन का शीघ्र क्लियरेंस कराकर डिपार्टमेंटल परियोजना चलायी जायेगी, लेकिन 4-5 साल से कोई प्रोग्रेस नहीं हुआ है। इसके चलते परियोजना बंदी के कगार पर है, जिससे मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। इसलिए परियोजना को बंद होने से रोका जाये। परियोजना में कुशल कामगार एवं पर्याप्त मशीनें उपलब्ध हैं। कंपनी द्वारा दिये गये टारगेट को पूरा कर परियोजना ने कीर्तिमान स्थापित की है। परियोजना को बंद होने से बचाने के लिए संयुक्त मोर्चा चरणबद्ध आन्दोलन के लिए बाध्य हो गया है। इसको लेकर आज परियोजना कार्यालय पर जोरदर प्रदर्शन किया गया। 10 जुलाई से परियोजना कार्यालय पर अनिश्चितकालीन जत्थेवार धरना एवं एक सप्ताह की भूख हड़ताल की जाएगी। मौके पर मोर्चा के संयोजक तुलसी रवानी, उमेश सिंह, प्रभाष सिंह, भगवान नोनिया, हीरालाल गोराई, दिनेश सिंह, शिवेन्द्र सिंह, सुभाष महतो, कालीपद रवानी, तेजेन्द्र वर्मा, प्रेम सागर राम, नरेन्द्र सिंह, कारु दास, सुमन सिंह आदि उपस्थित थे।

# एक नजर

## सड़क जाम और प्रदूषण से भौंरावासी त्रस्त



**दबंग हिंद संवाददाता**

**भौंरा।** पूर्वी झरिया क्षेत्र के भौंरा क्षेत्रीय कार्यालय व पीएनबी बैंक के समीप वजन घर रहने के कारण भौंरा वासियों को प्रतिदिन भारी सड़क जाम और प्रदूषण की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। भारी वाहनों की तेज रफ्तार व सड़क जाम के कारण अक्सर उक्त स्थान के आस-पास दुर्घटनायूं होती रहती हैं। कांटा घर पर सैंकड़ों हाइवा व ट्रकों की लंबी कतार सुबह से देर रात तक लगी रहती है। जल्दी कांटा कराने की होड़ में हाइवा चालक जैसे-तैसे गाड़ी को सड़क पर लगा देते हैं। इसके कारण डबल लेन सड़क सिंगल लेन की बन जाती है। कांटा घर के पास पीएनबी, भौंरा ओपी, कोलियरी ऑफिस, क्षेत्रीय कार्यालय के अलावा अन्य प्रतिष्ठान हैं। स्थानीय मनोज चौधरी ने क्षेत्र के महाप्रबंधक से मांग की है कि कांटा घर को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाये। आज सुबह 7 बजे से ही जाम के कारण कई कर्मचारियों की हाजिरी नहीं बनी। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

## ब्लड बैंक के कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** रोटी बैंक यूथ क्लब द्वारा धनबाद एनएमसीएच हॉस्पिटल में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे ब्लड बैंक के सभी 28 कर्मचारियों को धनबाद विधायक राज सिन्हा के सौजन्य से आज स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों का लोगों की जान बचाने में बहुत बड़ा योगदान है। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बहुत बड़ी बात है कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों को रोटी बैंक संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। ब्लड डोनेट सभी करते हैं, लेकिन इनका मनोबल बढ़ाने के लिए ब्लड बैंक के कर्मचारियों कार्य बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम सफल बनाने में एनएमसीएच के डॉ वीके पांडे, डॉ मृत्युंजय, डॉ आशुतोष कुमार, भूली ब्लड डोनर ग्रुप के रवि सिंह का सराहनीय सहयोग रहा। मौके पर शक्ति समर्पण फाउंडेशन की सचिव श्रीमती मधु सिन्हा भी उपस्थित थी।

## मध्य विद्यालय में जल संकट से बच्चे परेशान




**दबंग हिंद संवाददाता**

**महुदा।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय राधानगर में लगे दो चापाकल में जल स्तर नीचे चल जाने के कारण भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है। विद्यालय प्रबंधन जार में पानी खरीद कर किसी तरह मध्यान्ह भोजन तथा अन्य आवश्यकता पूरी कर रहे हैं। मंगलवार को जल संकट के बीच बच्चों को 12 बजे छुट्टी दे दी गयी। प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला ने बताया कि 180 फीट नीचे लगे सबमर्सिबल पंप से पानी नहीं आ रहा है। संभवतः डीप बोरिंग करने से पानी की समस्या का हल हो सकता है। मामले की सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दे दी गयी है। पदुगोडा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने तत्काल टैंकर द्वारा पानी उपलब्ध कराकर बच्चों का मध्यान्ह भोजन शुरू कराया है। विद्यालय में 250 के आस-पास छात्र हैं। सिंगडा पंचायत में आधा दर्जन जल मीनार हैं, लेकिन किसी से भी पानी नहीं निकल रहा है। गांव चरकीटांड़ में उप मुखिया के घर के समीप हैंड पंप खराब हैं। इस कारण सोलर पंप से नजदीक के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को घर से पानी लेकर आना मजबूरी है। सोलर पंप को कोई देखने वाला नहीं है। इस तरह कई सोलर पंप पंचायत में हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। कोई भी जनप्रतिनिधि इसकी सुधि लेने वाले नहीं है।

## सड़क मरम्मत के लिए नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**दबंग हिंद संवाददाता**



**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित धनबाद नगर निगम आयुक्त रवि राज शर्मा के कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में खरिकाबाद प्रमाणिक बस्ती के निवासियों ने क्षेत्र में मुख्य सड़क की मरम्मत और पानी उपलब्ध कराने के लिए मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त ने प्राथमिकता के तहत जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया में भेजने का आश्वासन दिया। अमरेश सिंह ने बताया कि खारिकाबाद प्रमाणिक बस्ती के लोगों ने पिछले लोकसभा के चुनाव में उनके आग्रह से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। अब वादों को पूरा करने के मद्देनजर आज नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल में कमल किशोर, मनोज प्रमाणिक अश्विनी प्रमाणिक, बिभाष प्रमाणिक, कृष्णा यादव, लखन भुइयां, बजरंगी कुमार आदि शामिल थे।

## अनुपमा सिंह के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर हाड़ी समाज ने दी बधाई

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** अनुपमा सिंह को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की केंद्रीय समिति में कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर हाड़ी समाज के नेताओं एवं सदस्यों ने बेरमो स्थित उनके कार्यालय में पहुंचकर पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। समाज के धनबाद जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी के रूप में अनुपमा सिंह ने पूरे धनबाद में कम समय में कड़ी मेहनत से लोकप्रिय पहचान बनायी है। चुनाव नहीं जीतने के बावजूद वे धनबाद में लगातार सक्रिय हैं और लोगों की समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहती हैं। अनुपमा सिंह के इंटक का कार्यकारी अध्यक्ष बनने से श्रमिकों के हित और उत्थान की दिशा में कार्य होगा। विधायक अनूप सिंह ने हाड़ी समाज के सभी पदाधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन किया। अनुपमा सिंह को बधाई देने वालों में राजू हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी, मनोज हाड़ी, अजय हाड़ी, मन्नू हाड़ी, निवास हाड़ी, अमित हाड़ी, बादल हाड़ी आदि शामिल थे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसका विषय क्या लोकतंत्र खतरे में है था? विषय पर पक्ष व विपक्ष के 10 छात्रों ने अपने विचार रखे। प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता से तार्किक क्षमता बढ़ती है व सोचने- समझने की शक्ति बढ़ती है। साथ ही बोलने में झिझक समाप्त होती है। पक्ष में बोलने वाले वक्ताओं ने कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में नहीं है। यह भारत के विपक्षी दलों के विकृत मानसिकता का प्रमाण है। विगत 10 वर्षों में भारत का लोकतंत्रीय सशक्त हुआ है। हर देश में कुछ ऐसे लोग और पार्टियाँ होती हैं, जो देश को बदनाम करने की खातिर अप्रमाणिक बातें कर देश के शक्ति एवं सौंदर्य बोध को ठेस पहुंचाती हैं। विपक्षी वक्ताओं ने कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि तमाम वैसे राजनीतिक दल, जिनको चुनाव में सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने भ्रम फैलाना शुरू कर दिया है कि वर्तमान सरकार के रहते हुए हमारा लोकतंत्र खतरे में है। कार्यक्रम के संयोजक हिंदी के वरिष्ठ आचार्य राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतिभागियों के तर्क विषयानुसार थे। हिन्दी विभाग द्वारा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक गिरधर कुमार मिश्रा ने निभाई। संगणक के प्रमुख बबलू प्रसाद सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहना की।

# माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुरू हुई बड़ी सुविधा

एजेंसी

**कटरा।** माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने के इच्छुक तीर्थयात्रियों को एक बड़ी राहत देते हुए, जम्मू से मंदिर तक सीधी हेलीकॉप्टर सेवा आज 25 जून से शुरू हो गई। यह सेवा रियासी जिले की त्रिकूटा पहाड़ियों के ऊपर स्थित प्रसिद्ध मंदिर की यात्रा के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर कटरा और मंदिर के पास सांझी छत के बीच मौजूदा हेलीकॉप्टर मार्ग की पूरक है, जो एक तरफ की यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति 2,100 रुपये का शुल्क लेता है।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि तीर्थयात्री वेबसाइट से हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकते हैं। पैकेज दो प्रकार के होते हैं- उसी दिन वापसी पैकेज और अगले दिन वापसी पैकेज। जम्मू से सेवा चुनने वाले तीर्थयात्री दो पैकेजों में से चयन कर सकते हैं: उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 रुपये, और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये। नई सेवा के लिए उद्घाटन उड़ान सुबह 11 बजे के आसपास जम्मू हवाई अड्डे से रवाना हुई, जो मंदिर के नए रास्ते के साथ पंछी हेलीपैड पर उतरी।

गर्ग ने कहा कि हमें देश और विदेश के दूर-दराज स्थानों से, समय की कमी का सामना करते हुए, जम्मू और तीर्थस्थल के बीच सीधी सेवा के लिए अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, नई हेलीकॉप्टर सेवा श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देश पर शुरू की गई है। ऑपरेशन पर तीर्थयात्रियों से मिले फीडबैक के आधार पर, बोर्ड भविष्य में इसके विस्तार पर विचार करेगा। गर्ग ने यह भी उल्लेख किया कि पंछी हेलीपैड की कम ऊंचाई सांझी छत की तुलना में खराब मौसम से कम प्रभावित होती है।



# भूख हड़ताल से आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी, एनएलजेपी अस्पताल में कराया भर्ती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आतिशी को मंगलवार तड़के लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आतिशी का दावा है कि हरियाणा सरकार दिल्लीए को प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी नहीं दे रही है, जिसके कारण दिल्लीए में जल संकट पैदा हो गया है. इसी कारण से आतिशी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थीं. आतिशी की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गई. दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जानकारी दी कि दिल्ली की मंत्री आतिशी का ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 हो गया है, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंतने कहा, ह्वरात से उनका ब्लड शुगर लेवल गिर रहा था. हमने उनका ब्लड सैंपल जमा किया तो उनका शुगर लेवल 46 आया. जब हमने पोर्टेबल मशीन से उनका शुगर लेवल चेक किया तो उनका शुगर लेवल 36 निकला. डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं और उसके बाद ही कोई सुझाव देंगे.

उन्होंने कहा कि हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रहा है. आतिशी ने 22 जून को हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी नहीं करने के विरोध में अपनी अनिश्चितकालीन भूख



हड़ताल शुरू की थी. इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि डॉक्टरों ने आतिशी की बिगड़ती सेहत को देखते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है, लेकिन वह अपनी जान जोखिम में डालकर दिल्ली के पानी के उचित हिस्से के लिए लड़ रही हैं. आप के बयान के अनुसार, आतिशी की स्वास्थ्य जांच से पता चला कि उनके रक्तचाप और शर्करा के स्तर में भारी गिरावट आई है. पार्टी ने कहा, जिस तेजी से आतिशी का ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर गिरा है, उसे डॉक्टरों ने खतरनाक बताया है. आप ने कहा कि 28 लाख दिल्लीवासियों के जल का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी जल मंत्री आतिशी ने कहा है कि जब तक हरियाणा सरकार दिल्लीवासियों का जल अधिकार नहीं दिलाती और हथिनीकुंड बैराज के गेट नहीं खोले जाते तब तक उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी.

# पेपर लीक में दोषी पाए गए तो उम्रकैद और एक करोड़ का जुर्माना, योगी सरकार ने अध्यादेश को दी मंजूरी

एजेंसी

**यूपी।** उत्तर प्रदेश में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा और आरओ-एआरओ परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली उत्तर प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 लाने जा रही है. इस प्रस्ताव को राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है. अध्यादेश में दोषियों को आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान होगा. अब इस अध्यादेश को विधानसभा में रखा जाएगा. वहां से मंजूरी मिलने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा, फिर यह कानून का रूप ले लेगा.

**पेपर लीक मामले में दोषी पाए गए तो उम्रकैद की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुमार्ना**

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस अहम फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिमंडल ने एक अध्यादेश के प्रस्ताव को मंजूरी दी है. इस प्रस्ताव के तहत प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में पकड़े जाने वाले लोगों को दो वर्ष से लेकर आजीवन



कारावास तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने की सजा का प्रावधान किया गया है. उन्होंने बताया, सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, प्रश्न पत्र लीक और सॉल्वर गिरोह पर प्रतिबंध लगाने और उनसे जुड़े मामलों में प्रावधान करने के उद्देश्य से संविधान के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अध्यादेश–2024 के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है.

**नौकरी का झांसा देने के लिये वेबसाइट बनाना भी दंडनीय अपराध**

मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह अध्यादेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश सेवा चयन बोर्ड, विश्वविद्यालय प्राधिकरण निकाय एवं उनके द्वारा नामित संस्था में किसी प्रकार की भर्ती परीक्षा, नियमितीकरण या डिग्री, डिप्लोमा प्रमाणपत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र की प्रवेश परीक्षा पर भी लागू होगा. उन्होंने कहा कि फर्जी प्रश्न पत्र बांटना, नौकरी का झांसा देने के लिये वेबसाइट बनाने को भी दंडनीय अपराध बनाया गया है. मंत्री ने कहा कि इस अध्यादेश के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर न्यूनतम दो वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तथा एक करोड़ रुपये तक का जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है.

**नीट पेपर लीक मामले में चार और आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, झारखंड के देवघर से लिये गए थे हिरासत में**

नीट पेपर लीक मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इन आरोपियों को झारखंड के देवघर से हिरासत में लिया गया था. हिरासत में लेने के बाद इनसे पूछताछ की गई और फिर गिरफ्तार कर लिया गया. इस मामले में की जांच एङ्कव कर रही है, उसी ने इन चारों को गिरफ्तार किया है. इन चारों आरोपियों पर साइबर धोखाधड़ी के मामले दर्ज किये गए हैं. ऐसा माना जा रहा है कि इन चारों की गिरफ्तारी से इस मामले की कई परतें और खुल सकती हैं. उधर, ठएएळ परीक्षा पेपर लीक मामले में लातूर पुलिस ने फरार आरोपी शिक्षक संजय जाधव को भी गिरफ्तार कर लिया है. संजय जाधव को कल देर शाम टांडा से पकड़ा गया और फिर रात में गिरफ्तार कर लिया गया. जाधव को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा. इसके पहले कल लातूर पुलिस ने जलील उमरखा पठान को कोर्ट में पेश किया था जहां कोर्ट ने उसे 2 जुलाई तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है. मामले में कुल 4 आरोपी हैं जिनमें इरन्ना और गंगाधर की अब भी तलाश जारी है. वहीं, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों की नियमित जमानत अर्जी पर आज सुनवाई होगी. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पांच की अदालत में आज सुनवाई होगी.

# संविधान की कॉपी हाथ में लेकर शपथ लेने पहुंचे राहुल गांधी, अखिलेश यादव का भी मिला साथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद में सांसद के रूप में शपथ ली. इस दौरान उनके हाथ में संविधान की कॉपी दिखाई दी. इस दौरान राहुल गांधी ने जय हिंद, जय संविधान का नारा लगाया. शपथ लेने के बाद उन्होंने ने चेयर के पीछे खड़े मार्शल से हाथ भी मिलाया. वहीं, कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव भी संविधान की कॉपी हाथ में लेकर शपथ लेने पहुंचे. शपथ लेने के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की. इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'संविधान की रक्षा करना हर देशभक्त भारतीय का कर्तव्य है, हम इस कर्तव्य को पूरी तरह से निभाएंगे.' शपथ ग्रहण के दौरान राहुल गांधी ने कहा, 'मैं राहुल गांधी, लोक सभा का सदस्य निर्वाचित होकर पूरी निष्ठा से प्रतिज्ञा लेते हूं कि मैं भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा, मैं भारत की संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा. मैं जिस दायित्व को ग्रहण करने वाला हूं, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन



करूंगा.

**ओवैसी ने लगाया जय फिलिस्तीन का नारा :** इस बीच हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के लोकसभा में शपथ लेने के दौरान जय फिलिस्तीन कहने पर हंगामा हो गया. दरअसल, ओवैसी ने शपथ लेने के बाद य भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन का नारा लगाया.

**बीजेपी ने जताया विरोध :** इसके चलते बीजेपी के सांसदों ने अपना विरोध दर्ज कराया और कार्यवाही से 'जय फिलिस्तीन' शब्द को हटाने की मांगी. बीजेपी के विरोध को देखते हुए प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि ओवैसी के शपथ भाषण में अगर कोई आपत्तिजनक बात पाई गई तो उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया जाएगा. बता दें कि 18वीं लोकसभा के पहले दिन यानी सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी समेत कुल 262 नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली थी, जबकि बाकी बचे सांसदों का शपथ ग्रहण मंगलवार को हुआ.

# पीएम मोदी के अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र को गहरा आघात पहुंचाया है : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आपातकाल के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गयी टिप्पणी को लेकर उन पर मंगलवार को पलटवार किया. आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को कुदरते रहते हैं, जबकि उनके शासनकाल में 10 साल के अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र एवं संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र और संविधान का साथ दिया है और आगे भी देती रहेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मंगलवार को ही कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लागू कर बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को कुचला, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है. आपातकाल की बरसी पर मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि जिस मानसिकता के कारण देश में आपातकाल लगाया गया था, वह आज भी उस पार्टी में जीवित है



जिसने इसे लागू किया था.

**140 करोड़ भारतीय नागरिकों को अघोषित आपातकाल का आभास करवाया :** उनकी टिप्पणी के जवाब में खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, देश भविष्य की ओर देख रहा है, आप अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं. पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीय नागरिकों को आपने जिस अघोषित आपातकाल का आभास करवाया, उसने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है. उन्होंने सवाल किया, ह्यपार्टियों को तोड़ना, चुनी हुई सरकारों को चोर दरवाजे से गिराना, 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्रियों तक को जेल में डालना और चुनाव के पहले सत्ता का इस्तेमाल कर समान अवसर की स्थिति को बिगाड़नाङ्क, क्या यह सब अघोषित आपातकाल नहीं है?

**मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, पर उनके कदम इसके विपरीत हैं :** खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, पर उनके कदम इसके विपरीत हैं. उन्होंने कहा, जब 146 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित कर तीन कानून झ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023; पारित किये गये थे तब यह सहमति वाला शब्द कहां था? उन्होंने सवाल किया, जब संसद के प्रांगण से छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और बाबासाहेब आंबेडकर जैसी महान विभूतियों की प्रतिमाओं को बिना विपक्ष से पूछे, एक कोने में स्थानांतरित कर दिया गया, तब यह सहमति वाला शब्द कहां था?

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से रूस पर बड़ा एक्शन

# यूक्रेन में नागरिकों पर हमला करने के लिए अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी

एजेंसी

**रूस।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने मंगलवार को यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमला करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और उसके सैन्य प्रमुख जनरल वालेरी गेरासिमोव के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह ऐसे समय में हुआ है जब हाल के दिनों में मॉस्को और कीव के बीच तीव्र लड़ाई हुई है जिसमें कई लोग मारे गए हैं। एक एक आधिकारिक बयान मेंअदालत ने कहा कि विश्वास करने के लिए उचित आधार हैं कि दोनों अधिकारी नागरिक वस्तुओं पर हमलों का निर्देश देने और नागरिकों को अत्यधिक नुकसान पहुंचाने के युद्ध अपराध में शामिल हैं। वे कम से कम 10 अक्टूबर, 2022 से कम से कम 9 मार्च, 2023 तक यूक्रेनी विद्युत



बुनियादी ढांचे के खिलाफ रूसी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की भी जिम्मेदारी लेते हैं। रूस, यूक्रेन की तरह आईसीसी का सदस्य नहीं है। उसने बार-बार कहा है कि यूक्रेन का ऊर्जा बुनियादी ढांचा एक वैध सैन्य लक्ष्य है और नागरिकों या नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने से इनकार करता है। हालाँकि, अदालत के पास गिरफ्तारी को लागू करने का कोई साधन नहीं है, और इसके पिछले कई फैसलों को अतीत में नजरअंदाज कर दिया गया है।

# राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी से मांगा समर्थन, अभिषेक बनर्जी बोले- कांग्रेस ने लिया एकतरफा फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के चयन के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष में सहमति नहीं बनी. इसके साथ ही तय होगा कि स्पीकर पद पर चुनाव होगा. इस चुनाव में पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की भूमिका अहम हो गई है. एक ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी को फोन करके एनडीए के स्पीकर पद के उम्मीदवार ओम बिरला के लिए समर्थन मांगा. दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस पर एकतरफा उम्मीदवार घोषित करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि के सुरेश को प्रत्याशी बनाने से पहले कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस के साथ कोई चर्चा नहीं की.



ममता बनर्जी के बाद तृणमूल कांग्रेस के सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर लोकसभा सीट से सांसद हैं. उन्होंने मंगलवार (25 जून) को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष का उम्मीदवार उतारने से पहले टीएमसी से कोई चर्चा नहीं है. उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि कांग्रेस ने इस मामले में एकतरफा फैसला किया है.

**जदयू और टीडीपी के समर्थन से भाजपा फिर सत्ता में लौटी :** बता दें कि लोकसभा में इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास बहुमत नहीं है. अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर उसने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार का गठन किया है. छोटे-छोटे दलों के अलावा नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की मदद से वह सत्ता में आई है.

**सरकार को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने उतारा है अपना प्रत्याशी :** वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात्र 240 सीटें मिलीं, जबकि सहयोगी दलों के साथ मिलकर उसकी सीटें 290 से अधिक हो गईं. दूसरी ओर, विपक्षी दलों की संख्या इस बार बढ़कर 233 हो गई. इसलिए स्पीकर पद के लिए कांग्रेस ने इस बार अपना उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला किया. वोटिंग से पहले मोदी विरोधी गुट की पार्टी टीएमसी के नेता अभिषेक ने कांग्रेस पर एकतरफा फैसला लेने का आरोप लगा दिया है.

## एक नजर

### नागपुर हवाई अड्डे को 24 घंटे में दूसरी बार बम होने की झूठी धमकी मिली




नागपुर। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी के दौरान कुछ भी नहीं मिला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के कुछ देर बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल मिला था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने हवाई अड्डे पर तलाशी ली पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। देश के जिन 40 से अधिक हवाई अड्डों को 18 जून को बम होने की झूठी धमकी मिली थी उनमें नागपुर हवाई अड्डा भी शामिल था। इसी तरह की धमकी अप्रैल में भी मिली थी जो बाद में झूठी निकली।

### हज के दौरान लू लगने से अमेरिकी दंपति की मौत, परेशान बेटी ने किए चौंकाने वाले खुलासे

सऊदी अरब। सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले 1,300 लोगों में एक अमेरिकी दंपति भी शामिल था। उनकी पहचान बॉवी, मैरीलैंड के निवासियों के रूप में की गई। उनकी बेटी के अनुसार, हीट स्ट्रोक का शिकार होने से पहले 71 वर्षीय अल्हाजी अलीउ डौसी वुरी और 65 वर्षीय हाजा इसतु वुरी दोनों चिलचिलाती तापमान में रदो घंटे से अधिक समय तक चले। इस वर्ष के हज के दौरान तापमान, जिसमें 1.8 मिलियन तीर्थयात्रियों ने भाग लिया, 122ऋ(503) को पार कर गया है। बीबीसी से बात करते हुए सईदा वुरी ने कहा कि उनके माता-पिता के टूर ऑपरेटर ने पर्याप्त भोजन और पेय पदार्थ जैसे अपने कई वादे पूरे नहीं किए हैं। सऊदी अरब पहुंचने के दो सप्ताह बादयह जोड़ा रविवार, 16 जून को लापता हो गया। उनकी परेशान बेटी को कुछ दिनों बाद उनके निधन के बारे में पता चला। सईदा के अनुसार, उनके माता-पिता ने हज के लिए मध्य पूर्व की यात्रा के लिए प्रत्येक को 11,500 डॉलर का भुगतान किया था, यह देखते हुए कि यह उनके लिए स्वहुत महत्वपूर्ण था। ह्ययह कुछ ऐसा है जो वे अपने पूरे जीवन करना चाहते थे। वे बेहद उत्साहित थे।' मैरीलैंड से संचालित एक अमेरिकी टूरिंग फर्म द्वारा लगभग 100 अन्य तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ उनकी यात्रा की व्यवस्था की गई थी। यह दावा करते हुए कि टूर ऑपरेटर ने उसके माता-पिता को रवादा की गई बहुत सी चीजें प्रदान नहीं कीं, उसने कहा: रउन्हें अपने लिए भोजन ढूंढने में कई दिन लग गए, जबकि पैकेज में हर दिन भोजन के साथ आना था।ऋ उन्होंने यात्रा के लिए वादा किए गए आवश्यक परमिट और पंजीकरण उपलब्ध नहीं कराने के लिए टूर ऑपरेटर की आलोचना की।

### रूस के दागिस्तान क्षेत्र में हुए हमले में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 21 हुई




मॉस्को। रूस के दक्षिणी क्षेत्र दागिस्तान में इस्लामी आतंकवादियों के हमले में घायल एक पुलिस अधिकारी की मौत हो जाने के बाद, कुल मृतक संख्या बढ़कर 21 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रविवार को हुए हमले में, आतंकवादियों ने एक गिरजाघर और यहूदी उपासना गृह को निशाना बनाया तथा देरबेंत और उत्तर कॉकेसस के मुस्लिम बहुल क्षेत्र मखाचकला शहरों में पुलिस पर गोलीबारी की। यह हमला, रूस में मार्च के बाद हुआ सबसे घातक हमला है। मार्च में, मॉस्को के उपनगर में बंदूकधारियों की गोलीबारी में 145 लोग मारे गए थे। मार्च में हुए हमले की जिम्मेदारी लेने वाले अफगानिस्तान के इस्लामिक स्टेट संगठन से संबद्ध समूह ने दागिस्तान हमले की सराहना की और कहा कि इसे ह्यकॉकेसस में भाइयों ने अंजाम दिया जो प्रदर्शित कर रहे हैं कि वे मजबूत हैं ह्न रूस की शीर्ष राजकीय आपराधिक जांच एजेंसी, इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने कहा कि सभी पांच हमलवार मार गिराये गए। देरबेंत क्षेत्र के प्रमुख मावसुम रेगीमोव ने मंगलवार को कहा कि चोट के चलते एक पुलिस सार्जेंट की अस्पताल में मौत हो गई, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 21 हो गई। मृतकों में 16 पुलिस कर्मी शामिल हैं। दागिस्तान में चिकित्सा अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि कम से कम 46 लोग घायल हैं जिनमें से 13 पुलिसकर्मी हैं। मृतकों में 66 वर्षीय एक रूसी आथोडीक्स पादरी भी शामिल हैं।

### अवैध शराब बनाने के आरोप में एआईएडीएमके सदस्य गिरफ्तार, पार्टी ने कहा 'अब हमारे साथ नहीं'

तमिलनाडु। तमिलनाडु के सलेम में नकली शराब बनाने के आरोप में एआईएडीएमके के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। 40 वर्षीय सुरेश कुमार को पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के बाद शुरू हुआ है, जिसमें 53 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, एआईएडीएमके महासचिव एडापडी के पलानीसामी ने कहा कि सुरेश कुमार 2018 में डीएमके से पार्टी में शामिल हुए थे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कोई भी हो, सभी दोषियों को रदंडितर किया जाना चाहिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुरेश कुमार के खिलाफ नकली शराब रखने और बेचने से जुड़े कई मामले लंबित हैं। अत्तूर में गश्त के दौरान, पुलिस ने मनापाची गांव के पास सुरेश कुमार की शराब बनाने की भट्टी का पता लगाया। शराब को नष्ट कर दिया गया, एआईएडीएमके सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया और हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने सुरेश कुमार के खिलाफ तमिलनाडु निषेध अधिनियम की धारा 4(1) (ए), 4(1–ए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 329 के तहत मामला दर्ज किया है। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब एआईएडीएमके ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में कल्लाकुरिची शराब त्रासदी को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिसके कारण प्रश्नकाल के दौरान नारे लगाने की कोशिश करके कथित तौर पर अराजकता पैदा करने के लिए उन्हें एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

### दरवाजे खुले हैं, भतीजे अजित के खेमे के विधायकों को वापस लेने पर बोले शरद पवार



नयी दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी)–सपा प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी के दरवाजे उन विधायकों के लिए खुले हैं, जो भतीजे अजीत पवार के खेमे में चले गए, जिससे पार्टी में विभाजन हुआ। मीडिया से बात करते हुए एनसीपी के दिग्गज नेता ने कहा कि जो विधायक संगठन को मजबूत करने में मदद करेंगे या पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे, उन्हें लिया जाएगा। पवार ने कहा कि जो लोग पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा। लेकिन उन नेताओं को लिया जाएगा जो संगठन को मजबूत करने में मदद करेंगे और पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि, यह भी पार्टी (एनसीपी–एसपी) नेताओं और कार्यकताओं से बात करने के बाद ही होगा। शरद पवार ने स्पष्ट किया कि उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का राकांपा में वापस स्वागत नहीं किया जाएगा। अजीत का गुट वर्तमान में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के साथ जुड़ा हुआ है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना शामिल है। जुलाई 2023 में एनसीपी विभाजित हो गई जब अजित पवार और कई विधायक भाजपा–शिवसेना सरकार में शामिल हो गए। फरवरी में, भारत के चुनाव आयोग ने अजीत पवार के गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता दी और इसे प्रतिष्ठित रघड़ीर प्रतीक आवंटित किया। 2024 के आम चुनावों में अजीत पवार के गुट के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद शरद पवार के खेमे में संभावित वापसी की अटकलें तेज हो गई हैं। अजित पवार की राकांपा ने महाराष्ट्र में लड़ी गई चार सीटों में से केवल एक सीट हासिल की, जबकि शरद पवार की राकांपा ने दस सीटों पर लड़ी गई सीटों में से आठ पर जीत हासिल की।